हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 26 जून 2025
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

14 ट्रैफिक पार्क नजर आएगा नए लुक में बच्चों को ट्रैफिक सेंस का भी देगा सबक



15 शहीद आजाद के सहयोगी सुखदेव राज की प्रतिमा जर्जर हालत में, जमीन पर भी हो चुका है कब्जा



Valkin's वालकिंस स्किन क्लिनिक
USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक उपचार
HAIR TRANSPLANT
परामर्श सिर्फ 199/-
डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट
पद्मनाभपुर, दुर्ग
7880090220

# दीपक नेपाली ने 2 साल में बनाई करोड़ों की संपत्ति, महादेव सट्टे के प्रमोटर का भी करीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

हिस्ट्रीशीटर दीपक नेपाली पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया है। महज 2 साल में उसने करोड़ों की संपत्ति बना ली है। पुलिस की जांच में इसका खुलासा हुआ है। इतना ही नहीं उसे महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का करीबी बताया गया है। वैशाली नगर थाना में उसके विरुद्ध प्राणघातक हमला के एक मामले में अपराध दर्ज है। इस मामले में पुलिस उसकी तलाश कर रही है। एक अन्य मामले में जेल से छूटकर आने के बाद से उसने पुनः अपराध करना शुरू कर दिया था। इसके बाद से पुलिस उसे खोज रही है। पुलिस की मानें तो दीपक नेपाली इतना बड़ा अपराधी होने के बाद भी बीएसपी के मकानों को कब्जा कर अपने पास रखा हुआ है। एक मकान में खुद रहता है और दूसरे मकानों को अपने गुर्गों को दे रखा है। कुल 5-7 मकान बीएसपी का कब्जा कर रखा है। हिस्ट्रीशीटर दीपक नेपाली को कमरे से भगाकर दिखाने का हिम्मत बीएसपी नहीं कर पा रही है। इसके तीन भाई हैं। उनमें लोकेश, नीरज नेपाली शामिल हैं। तीनों अपराधी किस्म के हैं। नीरज को क्राइम ब्रांच ने उक्त मकान में महादेव सट्टा का पैनल चलाते हुए पकड़ा भी था। इसके अलावा लोकेश पर जामुल थाने में कई बड़े अपराध दर्ज है। इस तरह के बड़े अपराधी शहर में बेखौफ घूमते हैं। पुलिस कुछ खास नहीं कर पाती है। बताया तो यहां तक जाता है कि दीपक नेपाली के पास सात लग्जरी कारें भी रखा हुआ है, जो अपने गुर्गों के नाम से पंजीयन करा रखा है। इसके अलावा कैलाश नगर में भी उसकी करोड़ों रुपए का बड़ा मकान किसी सोहन नामक युवक के नास से होने की जानकारी मिली है।

सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि दीपक नेपाली को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। उसके संपत्ति को कुर्की किया जाएगा। उसे पकड़ने के लिए पुलिस ने पांच लोगों की टीम बनाई है।

## वैशाली नगर थाने में दर्ज अपराध के मामले में है फरार, पुलिस कर रही पतासाजी

### महादेव सट्टे के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर से तगड़ी सेटिंग

मिली जानकारी के मुताबिक महादेव सट्टे का प्रमोटर सौरभ चंद्राकर भी कैम्प से निकलकर बड़ा कारोबारी बन गया है। यहां दीपक नेपाली भी रहता है। दोनों की अच्छी दोस्ती है। वर्ष 2023 में सौरभ चंद्राकर से दीपक नेपाली की बातचीत शुरु हुई। सौरभ ने नेपाली को करीब 2 करोड़ रुपए वसूलने का काम उसे दिया। दीपक नेपाली ने उसके काम को ईमानदारी के साथ वसूली कर सौरभ को सौंप दिया। उसके बाद सौरभ का नेपाली भरोसेमंद व्यक्ति बन गया। तब सौरभ ने उसे महादेव के कई बड़े काम दिए और आज नेपाली प्रदेश भर से काम उठाता है। सौरभ भी उसे काफी भरोसा करता आया है। प्रमोटर सौरभ चंद्राकर से हिस्ट्रीशीटर दीपक नेपाली का काफी करीबी है।

### लॉगिन तक भिलाई से होने की खबर



पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिस बीएसपी के अवैध मकान में दीपक नेपाली रहता है उन्हीं मकानों से कई बार महादेव सट्टे का पैनल का लॉगिन तक भिलाई से किया जाता है। इसका सारा काम इसके गुर्गे करते है दीपक नेपाली सिर्फ लोगों के साथ दबंगई कर गुंडई कर डराता धमकाता रहा है। दीपक नेपाली की अपराधिक कुंडली इतनी अधिक है कि पुलिस ने इसे रासुका तक की कार्रवाई की लेकिन इसके अपराध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कई बारे दीपक नेपाली के खिलाफ थानों में लोग डर के मारे शिकायत नहीं करते है। इस तरह के अपराधी दीपक नेपाली समाज के लिए नासुर है।

## खबर संक्षेप

### शिकायत की तो युवती पर कर दिया प्राणघातक हमला

**भिलाई।** युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि दिव्या कोसरे पर जवाहर नगर दुर्ग निवासी शेखर तांडी नामक युवक ने आटो क्लेव मशीन से सिर पर हमला कर दिया। घटना में दिव्या गंभीर रुप से घायल है। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां आईसीयू में भर्ती कराया गया है। बाथरूम गंदा होने को लेकर दिव्या ने शेखर के खिलाफ मैनेजर से शिकायत की था। उक्त बात को लेकर शेखर आक्रोश में आकर दिव्या के साथ विवाद कर जान से मारने की नियत से पानी गर्म करने वाली आटो क्लेव मशीन की क्वाइल से हमला कर दिया।

### पीएम आवास के लिए एक जुलाई को अंशदान करें जमा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई में 3 जुलाई को प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों का आबंटन खुली लाटरी पद्वति से किया जाना है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना के प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर पात्रता संबंधी सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर भूतल के मकानों का आबंटन किया जाना है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में किरायेदारी के रूप में निवासरत वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों द्वारा पूर्व में मकान हेतु आवेदन निगम के प्रधानमंत्री आवास योजना के काउंटर कक्ष क्रमांक 16 में जमा किये है। आवेदक 1 जुलाई तक निगम कार्यालय में उपस्थित होकर आवास आबंटन के कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत निगम कोष में जमा करें। ताकि 3 जुलाई को होने वाली लाटरी प्रक्रिया में शामिल कर भूतल के आवासों का आबंटन किया जा सके।

### करंट लगने से मौत

**भिलाई।** बिजली करंट की चपेट में आने से कर्मी की मौत होने का मामला सामने आया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम सिपकोना निवासी पोषण यादव सहायक लाइनमेन संतोष कुमार वर्मा के साथ 21 मार्च 2024 को बिजली काम से तर्रीघाट गया था। इस दौरान एलटी तार के ऊपर चढे पेडो की कटाई का काम चल रहा था। अचानक पोषण बिजली करंट की चपेट में आने की आवाज आने पर चेक किया गया। तब पता चला कि सडक 32 का बिजली अचानक चालू हो गया। इसके चपेट में आने से पोषण नीचे गिर पड़ा। उपचार के लिए पोषण को तुरंत सीएचसी पाटन ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

### ननि कार्यालय से लेकर चंद्रा-मौर्या चौक तक एप्रोच रोड में चलना हुआ मुश्किल

# सर्विस लेन पर बड़े होटलों, शो रूम, बैंक और दुकानों की अवैध पार्किंग, भिलाई निगम नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम कार्यालय के ठीक बाजू से चंद्रा-मौर्या चौक तक एप्रोच रोड पार्किंग स्थल बन गया है। यहां बड़े होटल, वाहनों के शो रूम, बैंक और दुकानें चल रहे हैं। यहां आने वाले लोगों के कार,मोटर साइकिल जैसे वाहन पार्किंग के लिए एप्रोच रोड का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। निगम अपने ठीक बाजू के एप्रोच रोड को ही व्यवस्थित नहीं कर पा रही है। इसलिए कि यहां के प्रतिष्ठान नामी-गिरामी लोग चला रहे हैं। रसूखदारों पर निगम कार्रवाई करने से बच रही है। आम लोगों का आवागमन इस एप्रोच रोड पर करना मुश्किल हो गया है। लगातार शिकायत के बाद भी रसूखदारों पर कोई कार्रवाई भिलाई निगम द्वारा नहीं की गई है।




निगम कार्यालय के सामने ही एप्रोच रोड़ पर कब्जा, जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

**निगम कार्यालयः** के ठीक बाजू वाली पहले एप्रोच रोड की है। यहां पर दो बैंक संचालित हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा, एक प्राइवेट फाइनेंस बैंक जना स्माल है। फाइनेंस बैंक सामने वाली एप्रोच रोड पर तो बड़ौदा बैंक उससे बाजू की एप्रोच रोड किनारे हैं। यहीं पर अथहारू होटल है। बार भी एक संचालित हो रहा है। यहां का समूचा स्टॉफ अपनी वाहन एप्रोच रोड पर खड़ी कर रहा है और यहां आने वाले लोग भी।

**सत्या शांति कांपलेक्सः** के पास होटल आमंत्रण, मेंस गैराज के नाम से कपड़े का बड़ा शो रूम है। कार पार्लर व आदि दुकानें हैं। होटलों में आने वाली कारें एप्रोच रोड पर खड़ी हो रही है। कार गैराज में कई कारें सजावट व सामान लगवाने के लिए आते हैं और घंटों खड़ी रहती है। इस स्थिति में एप्रोच रोड पूरी तरह घिरा रहता है। ऐसे में आम लोगों का यहां से गुजरना नहीं हो पाता।

**चौहान कांपलेक्स :** काफी लंबा-चौड़ा है। टाकीज की तरफ और ओवरब्रिज दोनों तरफ कांपलेक्स में कई बड़ी दुकानें व शो रूम चल रहा है। जी सेल जैसा मार्केट भी यहां है। ओयो होटल है। छोंकरा जींस , फैशन वर्ल्ड और एचडीएफसी बैंक हैं। दोनों तरफ एप्रोच रोड पर लाइन से सैकड़ों वाहन खड़ी मिलेंगी। अंडरब्रिज से सेक्टर साइड से और पटरी पार की तरफ से सेक्टर तरफ जाने हर दिन लाखों लोग गुजरते हैं।

**सिंपलेक्स कॉस्टिंग** कांपलेक्स के नीच बंधन बैंक संचालित है। साथ में कार डेकोर, काब्य नाम की कपड़े का बड़ा शो रूम है। इसके बगल से गुजरेंगे तो साइड एप्रोच रोड पर दुपहिया वाहनों का शो रूम चल रहा है। इसके ठीक सामने सुमीत बाजार संचालित है। यहां शोरूम सर्विस सेंटर और सुमीत बाजार की वजह से सैकड़ों वाहन पूरे दिन इन दोनों एप्रोच रोड पर खड़े मिलेंगे।

### निगम की कार्रवाई शून्य

भिलाई निगम पूरे शहरभर को व्यवस्थित करने के लिए एक तरह से अभियान सा चला रहा है लेकिन अपने की कार्यालय के बगल एप्रोच रोड को छोड़ दिया है। जिसकी शहर में खासी चर्चा है। कई दुकानदार व होटल वाले तो एप्रोच रोड को अपना निजी बताने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे। जब इन दुकानों का निर्माण हुआ तो संचालकों ने बकायदा पार्किंग भी नक्शे में शो किया। बेसमेंट भी बनाए लेकिन इसका उपयोग पार्किंग के लिए नहीं करते। बेसमेंट का उपयोग करेंगे तो अलग से एक -दो गार्ड की जरूरत पड़ेगी। उनका वेतन हर महीने देना पड़ेगा। खुद संचालक अपनी मंहगी व बड़ी वाहनों का पार्किंग एप्रोच रोड में ही कर रहे हैं।

### फाइल दिखवाता हूं

“जब होटल या कांपलेक्स निर्माण के लिए पूर्व में निगम ने किन शर्तो पर उन्हे अनुमति दी है। इसका अध्ययन करने के बाद ही आगे कार्रवाई की जा सकती है। एकाएक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। फाइल दिखवाता हूं।

- **राजीव पांडेय,** निगम आयुक्त

# सरकारी दफ्तरों के कामकाज होंगे पेपर लेस, ई-ऑफिस के उपयोग की दी ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सरकारी कामकाज भी अब हाईटेक होने जा रहा है। पेपरलेस वर्किंग को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए शासन के निर्देश पर ई-ऑफिस प्रणाली लॉन्च की जा रही है। इसे लेकर बीआईटी कॉलेज के

- बीआईटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में कार्यशाला

ऑडिटोरियम में जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। उन्हें कहा जल्द ही सरकारी दफ्तरों का कामकाज पेपरलेस वर्किंग और हाईटेक टेक्नोलॉजी में शिफ्ट होने जा रहा है। इससे समय और मैन पावर में कमी आएगी। काम आसानी से हो सकेंगे। जिले के विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख, लिपिकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। जानकारी दी गई कि सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के आदेशानुसार 1 अप्रैल 2025 से सभी विभागों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करना अनिवार्य किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने ई-ऑफिस के उपयोग, कार्य प्रणाली, लॉगिन से लेकर पत्र भेजने तक की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया गया। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि किस प्रकार से नोटशीट बनाकर उसे अनुमोदन के लिए भेजकर संबंधित अधिकारी की स्वीकृति के बाद पत्र जारी किया जा सकता है। ट्रेनर्स ने बताया कि यह संपूर्ण प्रक्रिया पेपरलेस होगी और कार्यालयीन कार्य प्रणाली ऑनलाइन होगी।

### कलेक्टर ने कहा-शुरू में होगी थोड़ी कठिनाई

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि शुरुआत में सभी को थोड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन एक बार प्रणाली शुरू हो जाने के बाद कार्य करना बेहद सरल और पारदर्शी हो जाएगा। उन्होंने मसूरी में अपने प्रशिक्षण के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार अन्य राज्यों से आए अधिकारी ट्रेनिंग करने के बाद ई-ऑफिस के माध्यम से अपने ऑफिस के कार्य संपन्न कर लेते थे।

# व्यापारी के मकान का ताला टूटा, लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सराफा व्यापारी के मकान का ताला टूटा तोड़कर लाखों की चोरी करने का मामला सामने आया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि

- कोतवाली थाना अंतर्गत महावीर कॉलोनी की घटना

शांतिलाल कांकरिया अपने परिवार के साथ राजस्थान गए हुए है। अज्ञात चोर ने बाथरूम की खिड़की तोड़कर मकान में प्रवेश किया। आगे अपने सभी अलमारी का ताला तोड़कर नगदी रकम और



सोना चांदी के जेवरात लाखों में पार हुआ है। सूचना पर दगीस का फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट समेत आला अधिकारी मकान में पहुंचे थे। पीड़ीत राजस्थान से अभी नहीं लौटा है। इसके कारण मकान से कितने की चोरी हुई है आकलन नहीं कर पाया। घटना मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात को हुई है । बताया जा रहा है कि पुलिस की पेट्रोलिंग टीम घटना के आसपास नहीं होने के कारण या बड़ी चोरी होना बताया जा रहा है फिलहाल मामले को लेकर दुर्गा कोतवाली पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# कल महाप्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा हर साल की तरह इस साल भी भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा पर समाज द्वारा महाप्रसाद का वितरण करेगा। महासचिव टीके निहाल ने बताया कि महाप्रसाद का वितरण सिविक सेंटर चौक में 27 जून को किया जाएगा। इस दौरान महाप्रसाद लेने भक्तजन पहुंचेंगे। महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम में अन्य जिलों से भी समाज के कार्यकर्ता पहुंचेंगे। चौक में भगवान जगन्नाथ का पूजापाठ कर यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इसके लिए भव्य तैयारियां की जा रही हैं।

## चंद्रा- मौर्या अंडरब्रिज में सालों पुरानी समस्या बरकरार...



**भिलाई।** चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज बारिश के दिनों में नासूर बन गया है। हल्की बाारिश के बाद भी इस अंडरब्रिज में पानी भर जा रहा है, जिसकी वजह से लोगों को आवाजाही में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि अंडर ब्रिज में पानी भरने की समस्या सालों पुरानी है। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी नगर निगम भिलाई इस समस्या का निराकरण नहीं कर पाया है। इस मार्ग से टाउनशिप की तरफ से रामनगर, वैशालीनगर, शांतिनगर, कोहका की तरफ जाया जाता है। मार्ग काफी व्यस्त है, बावजूद इसके निगम ने समस्या के निराकरण को लेकर अब तक गंभीरता नहीं दिखाई है।

### ऑपरेशन सुरक्षा : ट्रैफिक पुलिस का अभियान, हाईवे पर हादसे रोकने हटाए जा रहे डिवाइडर से अवैध कट

# हाईवे में लगेंगे टर्न फ्री डिलिनेटर, ताकि वाहन चालक रहे अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्रैफिक पुलिस का ऑपरेशन सुरक्षा अभियान जारी है। इसके अंतर्गत वाहन चालकों को ट्रैफिक रूल्स को लेकर अवेयर किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर हाईवे पर हादसों वाली

- ट्रैफिक पुलिस एनएचएआई पर कर रही तकनीकी जांच

जगहों पर तकनीकी सुधार की दिशा में काम शुरू किया गया है। नेहरूनगर से कुम्हारी तक डिवाइडर में बन अवैध कट को बंद किया जा रहा है, वहां जहां कट हैं, उन जगहों को टर्न फ्री करने के लिए डिलिनेटर का उपयोग किया जा रहा है, ताकि लंबी दूरी के तेज रफ्तार वाहन ज्यादा अलर्ट हो सकें। इतना ही नहीं ट्रैफिक पुलिस ने घड़ी चौक दुर्ग, सुपेला घड़ी चौक के आसपास भी ऐसे सुरक्षा के उपाय शुरू किए हैं। सुगम एवं सुरक्षित यातायात के लिए पटेल चौक दुर्ग में स्टॉपर से बने लेफ्ट टर्न फ्री की जगह डिलिनेटर (बोलार्ड) से बनाया जा रहा है। सड़क पर चार प्रमुख बिन्दुओं पर कार्य किया जा रहा है। इसमें सड़कों एवं चौक-चौराहों की अभियांत्रिकी त्रुटि को दूर करना, सड़कों से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे को हटाना, वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण एवं लापरवाह चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय



नेशनल हाईवे 53 के अंतर्गत कुम्हारी से गुरुद्वारा तिराहा में बने डिवाईडर के मध्य कटिंग बनाया गया था। कुछ स्थानो पर अवैध कटिंग भी बन गए थे। इससे रात के समय अचानक सड़क पार करने से सड़क दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती थी। यातायात पुलिस ने पूर्व में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चर्चा की गई थी, जिस पर जनहित को देखते हुए इसे बंद करने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर बुधवार को ऐसे सभी कटिंग को बंद करने का कार्य शुरू किया गया। इसी प्रकार सड़क पर सुगम एवं सुरक्षित यातायात के लिए यातायात पुलिस स्टॉपर की सहायता से लेफ्ट टर्न फ्री बनाया जा रहा है।

### ड्रेन के निर्माण ने बढ़ाई परेशानी




घड़ी चौक से पावर हाउस मार्ग पर इन दिनों ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान कई जगहों पर लोहे की छड़ निकली हुई है। इससे हादसों को लेकर खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार इसे लेकर शिकायत भी की गई, लेकिन समस्या बनी हुई है। कार्य एजेंसी ने सुरक्षा उपायों की अनदेखी की है। वैकल्पिक इंतजाम भी नहीं किए गए हैं। इसके कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# मानसून रूठा, पारा 30 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिले में मानसून की बेरुखी जारी है। बुधवार को पूरे दिन बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 48 घंटे में बारिश की संभावना बनी हुई है। ओडिशा में बना कम दबाव का क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। उसके अगले दो दिनों में छत्तीसगढ़ में पहुंचने की संभावना है। इससे बारिश होगी। इधर बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री तक कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम पारा 23.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में जिले में अच्छी बारिश की संभावना है। दक्षिण और उत्तर छत्तीसगढ़ में इस समय बारिश हो रही है। इसकी वजह से तापमान में कमी आई है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301



## खबर संक्षेप



### बीएसपी के अग्निशमन विभाग में 6 नए फोम टेंडर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग में 6 नवीन फोम टेंडर औपचारिक रूप से सम्मिलित किए गए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने पूजा कर इन अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों को अग्निशमन विभाग को समर्पित किया। सीजीएम विजय कुमार बेहरा, तुषार कांत, देबदत्त सतपथी सहित विभागीय लोग उपस्थित थे। संयंत्र के पुराने 6 अग्निशमन वाहनों को सर्वे ऑफ कर हटाया गया है तथा उनके स्थान पर इन नवीन फोम टेंडर्स को सम्मिलित किया गया है । सभी 6 फोम टेंडर आधुनिक अग्निशमन व बचाव उपकरणों से लैस हैं तथा विभिन्न आपात स्थितियों में तेज़ी से कार्यवाही करने में सक्षम हैं। इन वाहनों के संचालन से संयंत्र की आंतरिक सुरक्षा प्रणाली में सुदृढ़ता आएगी और अग्नि आपदाओं से निपटने की तैयारियों को बल मिलेगा।

### सांई रथयात्रा का दुर्ग में स्वागत, शरबत बांटा



**दुर्ग।** श्री सत्य साई बाबा के 100 वें जन्म वर्ष पर श्री सत्य साई प्रेम वाहिनी, श्री सत्य साई रथ संपूर्ण भारत में दिव्य यात्रा पर है। बाबा की प्रशांति निलियम आंध्र प्रदेश से निकलकर छग भ्रमण पर है। इसी कड़ी में इस रथ का 23 जून को पटेल चौक में आगमन आगमन हुआ। जहां सत्य साईं सेवा समिति के सदस्य बाजे गाजे के साथ स्वागत किए। शिव मंदिर में आरती कर लोगों को शरबत वितरण किया गया। तत्पश्चात साई रथ सिविल लाइन गोंडवाना भवन से होते हुए कसारीडीह स्थित प्रशांति मंदिर पहुंचा। साईं रथ यात्रा में समिति द्वारा संचालित बाल विकास की बच्चियों द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। इस अवसर पर दुर्ग-भिलाई समिति के सदस्यों की भागीदारी रही। छग राज्य साईं रथ प्रभारी एवं दुर्ग जिला संयोजक संदीप नायडू, टी अंजना राव, अंजली पिल्लै, शालिनी महेश, महिला यूथ प्रभारी कांत नायडू, दुर्गेश, नंदिनी, मंजू तिवारी, गायत्री ठाकुर, हरिश्चन्द्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### आरटीआई को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

**भिलाई।** कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में सूचना अधिकार अधिनियम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक राकेश जोशी ने सूचना अधिकार अधिनियम 2005 विषय पर जानकारी दी। पूछे गए प्रश्नों पर उदाहरण सहित जवाब देकर सभी प्रश्नों पर जवाब दिया। अधिनियम की जानकारी के साथ तकनीकी पहलुओं और सामने आने वाली व्यवहारिक दिक्कतों की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में पुलिस अधिकारी सुखनंदन राठौर, पद्मश्री तंवर, चिराग जैन, सत्यप्रकाश तिवारी, हरीश पाटिल सहित अन्य मौजूद थे।

# सामुदायिक भवन को लेकर पार्षदों में बखेड़ा, एक ने ताला तोड़ा, दूसरे ने लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के वार्ड पांच में स्थित अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन को लेकर भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों में दो फाड की स्थिति निर्मित हो गई है। कांग्रेस पार्षद ने भाजपा पार्षद पर अवैध तरीके से भवन तोडने का आरोप लगाया है, वही भाजपा पार्षद का कहना है कि, उन्हें खाद्य विभाग द्वारा आबंटन का लेटर जारी किया गया हैं।

दरअसल वार्ड पांच में अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन स्थित है। इस भवन को लेकर वार्ड चार के पार्षद लीना दिनेश देवांगन ने राशन दुकान संचालको को दुकान आबंटन करने की पैरवी कर दी है, वहीं वार्ड पांच के पार्षद विजेन्द्र पटेल का कहना है कि, इस भवन पर गलत तरीके से कब्जा किया जा रहा है। उनका कहना है कि, यह भवन सूडा की है। जबकि दुकान संचालक के पास सूडा की कोई अनुमति भी नही है। खबर है कि, दोनो पक्षों में विवाद के चलते वार्ड चार और पांच के सैकडों राशन कार्डधारियों को राशन नही मिल पा रहा हैं।

### भवन में दो पक्षों ने जड़ दिया ताला

मंगलवार को दोनो पार्षदों के बीच जमकर विवाद हो गया। ऐसे में राशन दुकान चलाने वाले संचालक और कांग्रेस पार्षद विजेन्द्र पटेल दोनो ने भवन में ताला जड दिया है। इस मामले में भाजपा पार्षद लीना दिनेश देवांगन का कहना है कि, अगर उन्हें आपत्ति है तो सुडा या प्रशासन के समक्ष आवेदन करें। दो पक्षों में विवाद के चलते सैकडों उपभोक्ताओं को राशन का वितरण नही हो पा रहा है।

### दो वार्ड में अटका राशन का वितरण, वार्ड पांच में चल रहा किराए के भवन में




#### समस्या हो रही थी

वार्ड में स्थित राशन दुकान जर्जर हो चुका था। जिसके कारण वार्डवासियों की समस्या को दूर करने अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन देने की मांग की थी। हमने ताला नही तोडा, बल्कि मितानिन के जरिए ताला खुलाया था।
**-लीना दिनेश देवांगन,** पार्षद वार्ड चार

#### प्रशिक्षण के लिए

वार्ड पांच में स्थित ये भवन सूडा को प्रशिक्षण संस्थान के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड का राशन दुकान किराए के भवन में चल रहा है। इसके बाद भी गलत तरीके से कब्जा करने प्रयास किया जा रहा है।
**-विजेन्द्र पटेल,** पार्षद वार्ड पांच

#### खाद्य विभाग ने भी कर डाली अनुशंसा

वार्ड पांच में स्थित अन्नपूर्णा भवन को लेकर राशन दुकान संचालको ने दूसरी जगह यानि अन्नपूर्णा भवन में आबंटित किए जाने की मांग की थी। उन्होने कहा कि वर्तमान में स्थित भवन जर्जर है। इधर खाद्य नियंत्रक टीएस अतरी ने बताया कि, विभाग भवन आबंटन नही करती है। बल्कि राशन दुकान संचालकों को कार्य आबंटित करती है।

## रिनोवेशन : इंदिरा प्लेस के नाम से पहचाने जाने वाला पार्क का होगा सौंदर्यीकरण

# ट्रैफिक पार्क नजर आएगा नए लुक में बच्चों को ट्रैफिक सेंस का भी देगा सबक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धीरे धीरे महानगर में तब्दील हो रहे भिलाई में ट्रैफिक की समस्या विकट होती जा रही है। पटरी पार क्षेत्र की तरह कुछ साल पूर्व तक खुले स्पेस और नीट एंड क्लीन के रुप में जाने जाने वाली बीएसपी टाउनशिप में भी अब दुर्घटनाजन्य गहमागहमी लोगों की परेशानी को बढ़ा रही है। पिछले साठ साल के दौरान कई बार अपना स्वरुप बदल चुका यह उपेक्षित ट्रैफिक पार्क एक बार फिर इस दिशा में लोगों के लिए पथ प्रदर्शक बनने जा रहा है। इस्पात नगरी के हृदय स्थल सिविक सेंटर में नगर निगम भिलाई द्वारा निर्माणाधीन यह आकर्षक उद्यान जल्द ही शहर के लोगों खासकर बच्चों को नए सिरे से ट्रैफिक सेंस के प्रति जागरुक करेगा। डेढ़ करोड़ की लागत से बनाया जा रहा यह पार्क अपनी प्रेरक थीम को लेकर न सिर्फ सुगम आवागमन के लिए प्रेरित करेगा वरन नए लुक में दिखाई देगा। इसका निर्माण अंतिम चरण में है।

पिछले पांच साल से उपेक्षित पड़े ट्रैफिक पार्क का नगर निगम द्वारा कायाकल्प किया जा रहा है। ट्रैफिक सेंस अवेयर की थीम पर आधारित इस पार्क को आकर्षक रुप से पुनर्विकसित किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई के मुताबिक ट्रैफिक जागरुकता को लेकर निर्मित किए जा रहे इस उद्यान के जल्द ही पूर्ण हो जाने से शहर की दुर्घटनाओं में कमी आने के आसार हैं। पार्क का 80 प्रतिशत निर्माण पूर्ण हो चुका है। उल्लेखनीय है कि पिछले पचास साल के दौरान सिविक सेंटर स्थित बीएसपी के इस ऐतिहासिक पार्क की कई बार तस्वीर बदल चुकी है। पहले यहां खाली मैदान था, जहां फुटपाथ मार्केट लगा करता था। फिर 70 के दशक में बीएसपी द्वारा गैलरी व पार्क बनाया गया। सिविक सेंटर के व्यवसायियों के मुताबिक पार्क व आसपास के स्थल का नाम इंदिरा प्लेस रखा गया,जिसकी नाम पट्टिका आज भी लगी है। पार्क के सामने कभी बच्चों की ट्राय ट्रेन दौड़ा करती थी। फिर 2001 में इस पार्क को पुलिस विभाग के सौजन्य से ट्रैफिक पार्क विकसित किया गया। लेकिन उचित रखरखाव के अभाव में वर्षों तक उजाड़ व उपेक्षित रहने के बाद अब भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की की पहल से नगर निगम द्वारा अधोसंरचना मद से इसे फिर आकर्षक व संदेशपरक ट्रैफिक पार्क के रुप में पुनर्विकसित किया जा रहा है।

### बच्चों को विजिट करवाकर जू एजुकेशन की तरह दी जाएगी जानकारी



#### बच्चों को करेंगे अवेयर

आम लोगों के साथ विशेष रुप से बच्चों को ट्रैफिक की समस्या को लेकर जागरुक करने के लिए नगर निगम द्वारा सिविकसेंटर में ट्रैफिक पार्क का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य पूर्णता पर है। ट्रैफिक अवेयर थीम पर केंद्रित इस पार्क के बन जाने से शहर की आवागमन की समस्या सुगम होने से लोगों को सुविधा होगी। इससे ट्रैफिक पुलिस को बड़ी मदद मिलेगी। **केके गुप्ता,** जोन कमिश्नर भिलाई

#### पाठशाला की तरह

सिविक सेंटर के अनुपयोगी होते जा रहे पुराने ट्रैफिक पार्क का पुनर्विकास होने से यह बच्चों के लिए ट्रैफिक की पाठशाला की तरह होगी। भिलाई निगम द्वारा लोगों को ट्रैफिक के प्रति जागरुक करने के लिए इस ट्रैफिक पार्क का पुनर्विकास किया जा रहा है। पार्क का निरीक्षण कर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।
**-देवेंद्र यादव,** महापौर

#### बच्चों को जू एजूकेशन की तरह देगा ट्रैफिक अवेयरनेस

ट्रैफिक पार्क आम लोगों के साथ बच्चों के लिए खास होगा। स्कूली बच्चों को विजिट करवाकर जू एजुकेशन की तरह उन्हें ट्रैफिक सेंस को लेकर जागरुक किया जाएगा। इसके लिए पार्क को आकर्षक लुक देने के साथ यहां ट्रैफिक इक्यूपमेंट, मार्ग संकेतक व दिशा निर्देशक साइन बोर्ड,कलाकृतियों के साथ सुंदर चित्र लगाए जा रहे हैं। पार्क में टेस्टिंग पैलेस,छोटी छोटी रो मार्किंग व जेब्रा क्रासिंग सड़कें, लाल, हरी व पीली लाइट वाला ट्रैफिक सिग्नल,रोड मार्किंग, ब्रेकर, बस स्टांप,मिनी स्टेडियम, सीसी पाथवे, पेंटिंग व कलाकृतियां आदि ट्रैफिक जागरुकता के आर्टिक्लस बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही पार्क में खूबसूरत फूलों के पौधे, फाउंटेन,बेंचें व फुटओवरब्रिज, हाईमास्ड लाइटें और 30 स्ट्रीट लाइट भी लगाई जा चुकी हैं। बाउंड्रीवाल में चारों ओर ट्रैफिक अवेयरनेस के चित्र बनाए गए हैं।नगर निगम भिलाई के आधिकारियों के मुताबिक विधायक की पहलकदमी से नवविकसित ट्रैफिक पार्क टाउनशिप ही नहीं बल्कि पूरे भिलाई व आसपास के लोगों को आवागमन की समस्या को लेकर जागरुक करेगा, जिससे ट्रैफिक सुगम होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# हिंदी में कामकाज हिंदी दिवस तक सीमित न रहे : निगम



**भिलाई।** बीएसपी के वित्त एवं लेखा विभाग में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार चोखानी थे। मुख्य अतिथि ने कहा हिंदी के प्रति प्रेम या हिंदी में कामकाज केवल हिंदी पखवाड़ा या हिंदी दिवस तक ही सीमित ना रहे, हमें हर दिन हिंदी का प्रयोग करना है। श्री चोखानी ने कहा हिंदी में कार्यालयीन कामकाज हमारे राष्ट्रप्रेम का सूचक है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक राजेश कुमार शर्मा, शललित खन्ना, एनवी सुब्बाराव, उप महाप्रबंधक अमृता गंगराडे, प्रबंधक नेहा रानी, उप प्रबंधकगण आयुषी पुरोहित आदि उपस्थित थे। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में वित्तीय शब्दों का हिंदी भाषा में सही वर्तनी के साथ समानार्थी शब्द लिखने पर आधारित स्पर्धा का आयोजन किया गया। नेहा रानी प्रथम, सुनील शर्मा द्वितीय, प्रमोद चोखानी तृतीय पुरस्कार मिला।

■ वित्त एवं लेखा विभाग में राजभाषा कार्यशाला

# बड़ी संख्या में बीड़ी, सिगरेट जैसे प्रतिबंधित सामान जब्त



■ सात हजार का लगाया जुर्माना

**दुर्ग।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आज भी विभिन्न स्कूल, कालेजों के आसपास नगर निगम अधिकारियों की टीम ने पान ठेलों व दुकानों की जांच कर तंबाकू, बीड़ी सिगरेट इत्यादि बरामद कर दूकानदारों से 7 हज़ार से अधिक जुर्माना राशि वसूला गया। उल्लेखनीय है कि स्कूल कालेज व अन्य शिक्षण संस्थाओं के आसपास बीड़ी सिगरेट इत्यादि प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की बिक्री के विरूद्ध कार्रवाई के लिये नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम गठित की है। इसी कड़ी में अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर द्वारा बाजार विभाग के ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव सहित टीम अमला के साथ शहर में घूम-घूमकर निगम द्वारा कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रहे हैं। कार्यवाही के दौरान बोरसी वार्ड 52 शासकीय स्कूल, विश्वदीप स्कूल के आसपास के अलावा अन्य जगहों पर मौके पर पहुंचकर दुकानों एवं ठेलों में जांच की कार्रवाही की गई।

# एसएसपी ने दिए लावारिस वाहनों, नशे के सामान को डिस्पोज करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर-6 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पुलिस के अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्धारित 7 एजेंडों पर चर्चा की। बैठक में चौकी प्रभारी, मालखाना मोहर्रिर एवं रीडर भी शामिल हुए। एसएसपी ने लावारिस, लादावा, पशु क्रूरता, एनडीपीएस में जब्त वाहनों के निराकरण, एनडीपीएस एक्ट के जब्त मादक पदार्थो के नष्टीकरण, एनडीपीएस के प्रकरणों में जब्त वाहन को राजसात किए जाने, एनडीपीएस के प्रकरणों में आरोपियों व्दारा अर्जित संपत्ति की जानकारी लेकर अटैच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप जल्द काम करने की बात कही। उन्होंने लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण, निगरानी-गुंडा बदमाशों पर नियंत्रण, बदमाशों के विरुद्ध बाउंड ओव्हर की कार्रवाई के भी निर्देश दिए। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, पद्मश्री तंवर, चिराग जैन, सत्यप्रकाश तिवारी, हरीश पाटिल, एलेक्जेंडर कीरो सहित अन्य मौजूद थे।

## डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलने लिया संकल्प



**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल द्वारा मंगलवार को वार्ड क्रमांक 8 स्थित सामुदायिक भवन में पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, योगेश साहू, पीएन दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, दीपक चतुर्वेदी, महिला मोर्चा नेत्री तृप्ति चंद्राकर, सुनीता कुर्रे, गीता निर्मलकर, जया राव, पिंकी शील, पीआईसी सदस्य उमाकांत साहू, डिकेश पटेल, नारायण सोनकर, फिंगेश्वर साहू, इमरान रिजवी, सुजीत यादव एवं स्वर्णलता साहू सहित बड़ी संख्या में कुम्हारी भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्कूल ही वह माध्यम जिससे विद्यार्थी अपना भविष्य गढ़ सकते हैं : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रुआबांधा स्थित शासकीय स्कूल में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। चंद्राकर ने कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। शाला गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। उन्हें शिक्षा के नव यात्रा पथ पर शुभकामनाएं दी। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांव का भविष्य स्कूल से ही बनता है। शिक्षा ही वह मार्ग है जिससे हम अपने बच्चों को उज्ज्वल कल दे सकते हैं। राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही 16 जून से पूरे छत्तीसगढ में शासन द्वारा शाला प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। बच्चों में शैक्षणिक प्रगति के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। मन में उत्साह, उमंग लिए घर से पहली बार स्कूल जा रहे बच्चे हो या गर्मी की छुट्टी बिता कर आगे की कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी आगे बढ़ने की उम्मीद के साथ अपने सपनों को साथ लिए मेहनत कर रहे है। कार्यक्रम में अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, दशरथ साहू, वेद प्रकाश सार्वा, राकेश त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद थे।

■ नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत



## खरीफ सीजन में अल्पकालीन ऋण की चल रही प्रक्रिया

# सिर्फ 11 फीसदी ही खाद का उठाव, नकदी राशि 80% बंट गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खेती किसानी के शुरूआती दौर में खाद की जबरदस्त किल्लत के चलते किसान सोसायटी से कर्ज के तौर पर सिर्फ नगदी राशि ही ले रहे है, जबकि सामग्री वितरण की स्थिति बेहद चिंताजनक हैं । सोसायटी में डीएपी और अन्य खाद की समस्या के चलते किसान सामग्री का उठाव नही कर पा रहे है। किसानों का कहना है कि, सोसायटी में चालीस फीसदी सामग्री और साठ फीसदी नगदी कर्ज देने का निमय है, लेकिन इस बार किसानों को नगदी कर्ज ही दिया जा रहा है।

■ खाद लेने पहुंच रहे किसान लौट रहे मायूस

सोसायटियों में शुरू से ही खाद का स्टाक बेहद कम है। शुरूआत में किसानों को डीएपी खाद की जरूरत होती है। लेकिन वर्तमान में डीएपी किसी भी सोसायटी में नही है। ऐसे में किसान सोसायटी से नगदी राशि लेकर बाजार से महंगे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हो रहे है। जानकारी अनुसार दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में 14 सौ करोड रूपए कर्ज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक किसानों को 755 करोड का कर्ज वितरित किया जा चुका है। जिसमें नगदी 80 फीसदी और सामग्री सिर्फ 11 फीसदी का वितरण किया गया है। अफसरों का भी कहना है कि, खाद की कमी के कारण किसान सोसायटी से नगदी राशि ही ले जा रहे है।

### नहीं बढ़ाया कर्ज का दायरा

दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले में पिछले साल चौदह सौ करोड रूपए कर्ज वितरण का टारगेट रखा गया था। इस बार भी उतनी ही राशि का टारगेट रखा गया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि, किसानों को कर्ज देने का दायरा यथावत रखा गया है। जानकारी अनुसार बालोद में 288 करोड नगदी और 192 करोड सामग्री वितरित किया जाएगा। इसी तरह बेमेतरा में तीन सौ करोड नगदी और दो सौ करोड सामग्री व दुर्ग में 252 करोड नगदी और 168 करोड सामग्री के तौर पर बांटा जाएगा। अब तक बालोद में 222 करोड नगदी और 268 करोड सामग्री बांटा गया है। वहीं बेमेतरा में 261 करोड नगदी और 372 करोड का सामग्री व दुर्ग में 190 करोड का नगदी ओर 171 करोड का सामग्री बांटा गया है।



### स्टॉक में सिर्फ 223 टन डीएपी

दुर्ग जिले में ही हर साल चौदह हजार टन डीएपी का टारगेट रहता था। लेकिन इस बार टारगेट पांच हजार टन रखा गया है। जिले के सोसायटियों में अब तक 4716 टन डीएपी का भंडारण हो चुका हैं, वहीं वितरण 4493 टन किया जा चुका है। शेष सिर्फ 223 टन ही स्टाक में है। वही बालोद में 249 टन और बेमेतरा में 346 टन ही डीएपी है। यही हाल यूरिया खाद की भी है। यही कारण है कि, किसान सामग्री सोसायटियों से नही ले पा रहे है।

### कर्ज व सामग्री वितरण की स्थिति

| जिला | नगदी | सामग्री | योग |
|---|---|---|---|
| बालोद | 77.32 | 14 फीसदी | 51.99% |
| बेमेतरा | 87.10 | 18.65 फीसदी | 59.72% |
| दुर्ग | 75.65 | 10.23 फीसदी | 49.48% |

#### वितरण चल रहा

किसानों को सितंबर माह तक कर्ज का वितरण किया जाएगा। खाद की समस्या दूर करने विकल्प वाले खाद का वितरण किया जा रहा है। नगदी 80 और सामग्री 11 फीसदी वितरित हो चुका है। **-एसके जोशी, सीईओ,** जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक

### बच्चों को व्यायाम की सीख



**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में पतंजलि योग समिति दुर्ग भिलाई के तत्वावधान में डॉ तृप्ति खनंग के द्वारा पंचशील एकेडमी आदर्श नगर, द रॉयल किड्स बोरसी में योग कराया गया। समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, योगीक जॉगिंग,सू र्य नमस्कार किया। साथ ही नियमित योग करने , जंक फूड, प्रोसेस फूड ना खाने का भी संकल्प लिया। जिससे मोटापा पर कंट्रोल किया जा सके। इस कार्यक्रम में द रॉयल किड्स की प्राचार्य शांति सरकार , पंचशील एकेडमी की प्राचार्य रूपा बोधमांगे, वैधेही खनंग, उत्कर्षा खनंग सहित अन्य शिक्षिकाएं मौजूद थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग
**ईश्तहार**
रा.प्र.क./202506104700021/
अ-13/2024-25
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि:- आवेदक अनुपम कथुरिया पिता श्री वी एन कथुरिया उम्र 56 वर्ष, निवासी 16/5, नेहरू नगर पश्चिम भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने कृषि भूमि ग्राम कचांदुर, प.ह.नं. 12, रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तह. व जिला दुर्ग में खसरा नंबर 909, 905, 906 है जिसका मै स्वामी हूँ। मेरे खसरा के सामने शासकीय भूमि स्थित है, जिस पर से एक सार्वजनिक मार्ग का निर्माण कराया जा सकता है। वर्तमान में मेरे खेत तक किसी पक्के या निर्धारित रास्ते की सुविधा नहीं है, जिससे भविष्य में खेत तक सुगम पहुँच एवं बैंक ऋण आदिलेने में असुविधा हो रही है। मेरी भूमि ग्राम कचांदुर, प.ह.नं. 00012, रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तह. व जिला दुर्ग में खसरा नंबर 909 और मुख्य मार्ग के बीच में केवल शासकीय घास भूमि है जिसका खसरा नंबर 898 है। उक्त भूमि का सन 1990 से स्वामी हूं। खसरा नंबर 909, 905, 906, के सामने स्थित शासकीय (जिसका खसरा नंबर 898) भूमि पर मार्ग आबंटित किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 27/06/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं । समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 17/06/25 को वह उद्घोषणा, मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारीदिनांक-17/06/2025 अति. तहसीलदार
सुनवाईदिनांक-27/06/2025 दुर्ग-01

## खबर संक्षेप



### गांधी नगर भिलाई-3 से निकलेगी रथयात्रा

**भिलाई।** गांधी नगर भिलाई तीन स्थित श्री शिवजी जय जगन्नाथ मंदिर से 27 जून को रथयात्रा निकाली जाएगी। यहां भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का यह 44 वां वर्ष है। छेरा पहरा का विधान मंदिर के संचालक शिव मंगल देवांगन और उनके परिवार द्वारा संपन्न किया जाएगा। भिलाई-3 और इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में गांधी नगर से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का विशेष आकर्षण रहता है। इस बार यहां के श्री शिवजी जय जगन्नाथ मंदिर से 27 जून को अपराह्न 3 बजे रथयात्रा निकलेगी। इससे पहले दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था प्रतिवर्षानुसार रखी गई है। रथयात्रा में छेरा पहरा का विधान शिव मंगल देवांगन, गुलाब बाई देवांगन, दिनेश देवांगन, सरिता देवांगन, राजेश देवांगन, हेमलता देवांगन द्वारा संपन्न किया जाएगा। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र स्वामी एवं सुभद्रा देवी को रथ पर सवार किया जाएगा। रथयात्रा भजन कीर्तन मंडलियों के साथ गांधी नगर से शुरू होकर राम मंदिर, शांति नगर, इंदिरा पारा, बाजार चौक, जीई रोड, आजाद चौक, गैलेक्सी चौक होते हुए गांधी नगर में स्थित मौसी गुंडीचा देवी के मंदिर में संपन्न होगी। मंदिर के संचालक शिव मंगल देवांगन रथयात्रा में अपनी सहभागिता देने का आग्रह किया है।

### नाली में जा घुसी कार

**पाटन।** नगर पंचायत के पास आदर्श दुकान से लगे नाली में कार



जा घुसी वहीं भारी मशक्कत के बाद कार को निकाला गया। फिर हाल कोई हादसा नही हुई है। वहीं नाली को ढकने की जरूरत लोगों ने बताया है।

## निधन

### गोविन्दा साहू

**अंडा।** ग्राम आमटी आबादी (निकुम) निवासी गोविन्दा साहू



73 वर्ष का आकस्मिक निधन 25 जून को हो गया। वे कुछ दिन से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे योगेश साहू, तामेश्वर साहू के पिता व डॉ. एनके साहू के मामा थे।

### पेंशनर महासंघ लगातार क्रांतिकारी सुखदेव राज की स्मृतियों को बचाए रखने के लिए संघर्षरत

# शहीद आजाद के सहयोगी सुखदेव राज की प्रतिमा जर्जर हालत में, जमीन पर भी हो चुका है कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के सहयोगी क्रांतिकारी सुखदेव राज का दुर्ग से नाता रहा है। सुखदेव राज ने आखिरी के 10 साल दुर्ग शहर, और गांव अण्डा में रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा करते गुजारे थे। उनकी स्मृतियों को बनाए रखने के लिए पेंशनर महासंघ को संघर्ष करना पड़ रहा है। जिस गांव में उनकी प्रतिमा स्थापित है, वह जर्जर हालत में हैं। वहां जमीन पर कब्जा हो चुका है। यही नहीं, दुर्ग शहर के जिस जगह पर वो कुष्ठ रोगियों का इलाज करते थे वहां नगर निगम ने मल्टी स्टोरी कॉम्पलेक्स निर्माण की योजना बनाई है। इसके बाद सुखदेव राज अलग-अलग जगहों पर रहे और फिर 1963 में दुर्ग आ गए। सुखदेव राज की स्मृतियों को बचाए रखने के लिए लड़ाई लड़ रहे दुर्ग संभाग के पेंशनर महासंघ के संभागीय अध्यक्ष बीके वर्मा ने बताया कि क्रांतिकारी सुखदेव राज आचार्य विनोबा भावे के संपर्क में आए और फिर दुर्ग में कुष्ठ रोगियों की सेवा में जुटे रहे।

### जर्जर भवन को तोड़कर मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने की बनाई है योजना



#### भवन जीर्णोद्धार के लिए किया था प्रस्ताव पारित

श्री वर्मा ने बताया कि क्रांतिकारी सुखदेव राज की पुत्री जो कि दिल्ली में निवासरत हैं, वे डेढ़-दो साल पहले दुर्ग आई थीं और ग्राम अण्डा भी आई थीं। पेंशनर महासंघ लगातार क्रांतिकारी सुखदेव राज की स्मृतियों को बचाए रखने के लिए संघर्षरत है। इस सिलसिले में सीएम से मुलाकात भी की थीं। इसके अलावा नगर निगम की मेयर इन काउंसिल में सुखदेव राज की प्रतिमा लगाने और भवन का जीर्णोद्धार कर स्मारक के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी पारित किया था। मगर वर्तमान में फिर मल्टी स्टोरी पार्किंग की रूपरेखा बनाई जा रही है। इसका पेंशनर महासंघ और अन्य संगठनों ने विरोध किया है। इस पूरे मामले पर दुर्ग की मेयर अलका बाघमार से चर्चा की। मेयर ने बताया कि क्रांतिकारी सुखदेव राज की प्रतिमा स्थापित करने के मसले पर एक बार चर्चा हो चुकी है। मगर इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। अभी वर्तमान में क्या स्थिति है, यह तो वो फाइल देखकर ही बता पाएंगी। बहरहाल, पेंशनर महासंघ जनसंगठनों के सहयोग लेकर क्रांतिकारी सुखदेव राज की स्मृतियों को स्थाई रखने के लिए प्रयासरत हैं।

सुखदेव राज का 1973 में देहांत हुआ। उनके गुजरने के बाद ग्राम अण्डा में प्रतिमा स्थापित किया गया। इसका उद्घाटन 1976 में तत्कालीन सीएम श्यामाचरण शुक्ल ने किया। इस दौरान शहीद भगत सिंह के भाई भी मौजूद थे। ग्राम अण्डा में आश्रम भी था और करीब साढ़े 3 एकड़ जमीन भी थी जो कि कब्जा हो चुका है। यही नहीं, जिस स्थान पर क्रांतिकारी सुखदेव राज की प्रतिमा स्थापित है, वहां दीवार खड़ी कर दी गई है और जमीन कब्जा कर लिया गया है। दुर्ग शहर के इंदिरा मार्केट के पास सुखदेव राज कुष्ठरोगियों की सेवा करते थे वहां जर्जर भवन को तोड़कर मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने की योजना है। क्रांतिकारी सुखदेव राज, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह के साथी थे। शहीद भगत सिंह के साथ क्रांतिकारी सुखदेव को फांसी हुई थी। इससे परे सुखदेव राज, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के साथ थे और 1931 को भी अंग्रेजों के साथ मुठभेड़ से पहले आजाद के साथ प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में बैठे थे। बताया जाता है कि आजाद को अपनी घेराबंदी का अहसास हुआ तो उन्होंने सुखदेव राज को तुरंत वहां से रवाना कर दिया। सुखदेव राज किसी तरह बचकर निकल गए, लेकिन आजाद, अंग्रेजों के साथ मुठभेड़ के बाद खुद को गोली मारकर मौत को गले लगा लिया।

## शाला प्रवेश उत्सव आत्मानंद शाला हिर्री में हर्षोल्लास के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हिंदी माध्यम सेजस स्कूल हिर्री में मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर विधानसभा साजा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू, पवन शर्मा जिला पंचायत उपाध्यक्ष धमधा, प्रीति देवांगन जनपद उपाध्यक्ष धमधा, देहुती साहू जनपद सदस्य धमधा एवं प्रीतम यादव जनपद सदस्य धमधा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। योगेंद्र साहू सरपंच हिर्री एवं आसपास के जनप्रतिनिधि एवं सरपंच गण इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए अतिथियों ने बच्चों को हार पहनाकर गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कराकर प्रवेश कराया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

■ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र का उद्घाटन भी किया गया। विकासखंड की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की सफाई कर्मी एवं रसोईया को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। दिव्यांग बच्चों को सहायक सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय एवं संकुल परिवार से आए हुए बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी संगीता देवांगन, बेनीराम वर्मा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमधा, महावीर वर्मा विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक धमधा एवं विकासखंड के सभी सीएससी ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन महावीर वर्मा बीआरसी धमधा ने किया।

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**अंडा।** ग्राम खपरी के पूर्व माध्यमिक शाला खपरी एवं प्राथमिक शाला खपरी में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया था। साथ ही इस वर्ष प्राथमिक शाला खपरी के एक बालक का चयन नवोदय विद्यालय बोरई में हुआ था उसका भी सम्मान किया गया एवं कक्षा पांचवी में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। वहीं प्राथमिक शाला खपरी में नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल अभिषेक कर पुस्तक वितरण किया गया। इसी तरह पूर्व माध्यमिक शाला खपरी में कक्षा छठवीं में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं का गुलाल से तिलक लगाकर एवं पुस्तक वितरण और गणवेश देकर सभी का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के सरपंच अनुसूया नारायण साहू, पूर्व माध्यमिक शाला के शाला विकास समिति के अध्यक्ष चितरंजन साहू, प्राथमिक शाला खपरी के शाला विकास समिति के अध्यक्ष रहानीवाल साहू, पूर्व सरपंच नारायण साहू, पूर्व माध्यमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य चंद्राकर, प्राथमिक पाठशाला के प्रधान पाठक भोजराम यादव एवं पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला खपरी के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। पूर्व सरपंच नारायण साहू ने कहा कि हमारे ग्राम में 2 वर्षों में शिक्षा की गुणवता अधिक बढ़ा है जिससे हमारे ग्राम के तीन बच्चे का चयन नवोदय विद्यालय बोरई में हुआ है। यह सब शिक्षकों की मेहनत से हुई है।

## खेल खिलाड़ियों के विकास के लिए मजबूत आधार का काम करता है: पूर्व सीएम भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन, राजनांदगांव की टीम ने मारी बाजी

टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी कुम्हारी द्वारा आयोजित स्वर्गीय हुसैन कुरैशी अंडर 16 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी दी गई साथ ही शेष खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।

विगत 15 दिनों से चल रही इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 16 टीमो ने भाग लिया था। इस पूरी प्रतियोगिता में सभी टीमो को 3-3 टी-20 मैच खेलने को मिले। प्रतियोगिता में कुल 28 मैच हुए जिसे पूरे छत्तीसगढ़ ने यु ट्यूब के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच प्रतियोगिता की दो सर्वश्रेष्ठ टीम टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी रायपुर और एमआरएफ क्रिकेट एकेडमी राजनांदगांव के बीच खेला गया। राजनांदगांव ने टॉस जीतकर टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाए जिसके जवाब में एम.आर एफ एकेडमी राजनांदगांव की टीम ने 19.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर विजय लक्ष्य हासिल कर लिया और इस रोमांचक मैच में 4 विकेट से जीत हासिल की।

प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के कप्तान आदित्य बयडवाल रहे उन्होंने आलराउंडर प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजी में 187 रन बनाने के साथ गेंदबाजी में 9 विकेट भी हासिल किए।प्रतियोगिता के सर्वश्रेस्ठ बल्लेबाज भी टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के आदित्य बयडवाल रहे। प्रतियोगिता के सर्वश्रेस्ठ कीपर और एम आर एकेडमी राजनांदगांव के श्रेयांश कुमार रहे। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच राजनांदगांव के अर्श्विर सिंग रहे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि खेल खिलाड़ियों के विकास के लिए मजबूत आधार का काम करता है। उससे खिलाड़ियों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है क्रिकेट का बुखार पूरी दुनिया में हैं। उन्होंने टर्मिनेटर एकेडमी और कुम्हारी नगर के उज्वल भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, राकेश कुर्रे, विकास सोनकर, शेख वहीद, मनहरण यादव, उपाध्यक्ष प्रमोद राजपूत, मुनव्वर अली, पार्षद लता खैरवार, जानकी ध्रुव और लेखराम साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जमशेद रजा के द्वारा किया गया।

बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट




वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## डॉ.मुखर्जी बलिदान दिवस पर किए गए याद



**भिलाई।** भाजपा के चरोदा मंडल द्वारा पार्टी के पितृ पुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस का कार्यक्रम सियान सदन समता कॉलोनी वार्ड 26 में मनाया गया। इस दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चत्रि में दीप प्रज्वलित करने के बाद स्वागत भाषण एवं प्रस्तावना मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर ने प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि शंकर सिंह और चंद्रप्रकाश पाण्डेय ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके जीवन को लेकर प्रकाश डाला। संचालन वेद प्रकाश पांडेय और आभार महामंत्री परमजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में मलाई बनर्जी, प्रमिला तांडी,अंकिता बेनर्जी, अभय चौबे, लोहि दास, एम अरुण, डी नारायण रेड्डी, रीति वर्मा, नंदिनी शेलार, रेखा साहू, दिलीप साहू आदि मौजूद थे।

## छात्राओं ने विद्यालय का नाम किया गौरवान्वित

**धमधा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कन्या धमधा में वर्ष 2024-25 में आयोजित बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर छात्राओं ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। जिसमें कक्षा दसवीं में देविका जोशी ने 95.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दुलेश्वरी साहू ने 93.50 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं खिलेश्वरी पटेल ने 90.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में तारणी कला संकाय ने 83.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, श्वेता सोनकर जीवविज्ञान संकाय ने




82.80 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं नेमा वाणिज्य संकाय ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सरिता लिखारे, शाला विकास समिति की अध्यक्ष विमल ताम्रकार, विधायक प्रतिनिधी मोहन पटेल ने छात्राओं का मुँह मीठा कराया एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता राजेश कुमार तिवारी, ज्योतिबाला गुप्ता, कमलेश मारकंडे, संध्या वर्मा एवं पालक गण उपस्थित थे।

## नीट परीक्षा में 686 अंक रहा अधिकतम: जीडी गवेल

**भिलाई।** इस वर्ष नीट में लगभग 23 लाख परीक्षार्थी बैठे जिसमें 11.5 लाख 50 प्रतिशत 144 अंक नहीं ला पाए। पिछले वर्ष 67 छात्र-छात्राओं में 720 में 720 अंक लाये थे। इस वर्ष 700 से ऊपर, अंक किसी का नहीं रहा और 686 अंक अधिकतम रहा। छत्तीसगढ़ में 10 शासकीय एवं 5 प्राइवेट कालेज हैं कुल सीटें 2130 है जिसमें 700 प्राइवेट एवं 257 सीट आल इंडिया एवं सेंट्रल सीट है। शासकीय कॉलेजों में प्रवेश के लिए 1173 सीटें हैं। इस वर्ष लगभग 43000 छात्र परीक्षा में बैठे। 3 प्रतिशत का मेडिकल कालेज में चयन होना है। पिछले वर्ष भी इतने ही विद्यार्थी बैठे थे, इतने ही सीटें थीं पिछले वर्ष के चयन के रैंक से तुलना करने पर सामान्य 475-480, पिछड़ा 470 में 475 एससी 390-395 एवं एसटी 290 में 300 अंक वालों को शासकीय मेडिकल कॉलेज मिल सकता है। ये आंकड़े मेडिकल पाइंट को मिला है इसके संचालक एवं मार्गदर्शक जीडी



गवेल ने बताया। जिनके कम अंक आ रहे हैं दो, तीन ड्रॉप के बाद भी सफल नहीं हो पा रहे हैं। प्रदेश के नीट के सबसे अधिक अनुभवी 50 वर्ष, जिन्होंने सैकड़ों छात्र-छात्राओं को न सिर्फ चयन कराया बल्कि, रैंक टॉप टेन भी दिलवाया। उनका कहना है, यदि छात्र-छात्राओं में डॉक्टर बनने की जज्बा है तो किसी भी छात्र को चयन किया जा सकता है। छात्र-छात्राएं हताश न होवे, अगले वर्ष आप जरूर सफल होंगे। आत्मचिंतन करें, कहां कमी रह गए। नई उर्जा के साथ गवेल सर के मार्गदर्शन में प्रयास करें।

### अमलेश्वर नपा में लोक सेवा केंद्र व जेसीबी का हुआ शुभारंभ

## सीमित साधनों के बावजूद समर्पित होकर काम करें: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर विकास की पटरी पर दौड़ रही है। यहां लोक सेवा केंद्र और जेसीबी का शुभारंभ किया गया जिसका लोकार्पण सांसद विजय बघेल ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर जेसीबी का लोकार्पण किया गया। सांसद विजय बघेल ने नारियल फोड़कर विधिवत पूजा पाठ के साथ हरी झंडी दिखाकर जेसीबी को रवाना किया। लोक सेवा केंद्र पालिका कार्यालय से कुछ दूरी पर शुरू किया गया है।



वहीं कार्यक्रम में पहुंचे सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आम चुनाव जीत गए हैं तो हमारी जिम्मेदारियां भी बढ़ गई है। क्षेत्र के लोगों की पार्षदों से बहुत अधिक अपेक्षाएं होती हैं। आम लोग चाहते हैं कि उनकी जो भी समस्या है उसका तुरंत निराकरण होना चाहिए। ऐसे में सीमित साधनों के बावजूद हमें लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए समर्पित होकर काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अब हमें पूरे क्षेत्र के विकास के लिए काम करना है। कहीं भी किसी राजनीतिक दुर्भावना से कोई काम नहीं होना चाहिए। लोक सेवा, जेसीबी के लोकार्पण के अवसर पर यहां उपस्थित जनों में काफी उत्साह नजर आ रहा था। कार्यक्रम में नगर पालिका के अध्यक्ष दयानंद सोनकर, पार्षद डॉ. आलोक पाल, राजू सोनकर, सोहन निषाद, ललिता कुमार साहू, खुशीराम सोनकर, राजेश्वरी ठाकुर, यामिनी यादव, भेज लाल सोनकर, मालती गिरधर साहू, लेखनी साहू, सेवती निषाद, मीना रानी चेलक, हेमलाल साहू, नीलम मिंज सहित पालिका के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। आपको बता दें जेसीबी लगभग एक महीने से अधिक समय तक पालिका परिसर में खड़ा रहा। शुभ मुहूर्त के आभाव में नगरवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब सांसद के हाथों बुलडोजर का शुभारंभ हो गया है। जिससे नगर की समस्याओं को तुरंत ही समाधान किया जा सकेगा। रोड, नालियों की सफाई और रोड की सुगमता से लोगों का आवागमन बेहतर होगा। साथ ही लोक सेवा केन्द्र के खुलने से एक ही छत के नीचे सभी समस्याओं का भी हल निकल सकेगा। कोई भी दस्तावेज बनाने में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर कैलाश यादव महामंत्री भाजपा, कुंज बिहारी साहू, शुभम शर्मा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा, फेरहा राम धीवर, राजू साहू, रविकांत कौशिक, पूरन साहू, धर्मेंद्र सोनकर, शिवकुमार साहू, कुमार साहू, कुलदीप बैसवाड़े, सुखदेव साहू, अमित गेंद्रे, टीकम यादव, सुनील शर्मा, राघवेंद्र द्विवेदी, मोनू दास आदि उपस्थित थे।

# नहीं हो पा रही राजस्व वसूली, भिलाई-चरोदा निगम के कर्मचारियों को वेतन के लाले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में राजस्व वसूली नहीं होने पर दो माह से कर्मियों को वेतन नहीं मिल पाया है। माह मई-जून का वेतन नहीं मिलने से कर्मियों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

निगम में फंड की कमी का भी बड़ा कारण है। कर्मियों को वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। अब वेतन के लाले से कर्मचारियों का परिवारों का भरण-पोषण करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दो माह से भिलाई-चरोदा नगर निगम के अधिकारी, तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। इतना ही नहीं इससे उनके पारिवारिक दायित्व निर्वहन में अड़चन आ रही है। लंबित वेतन का भुगतान कब तक होगा, इस बात का स्पष्ट जवाब भी यहां के जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे पा रहा है। भिलाई-चरोदा नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को एक बार फिर आर्थिक संकट की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। पूरे महीने काम करने के बावजूद उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। वेतन मिलने का इंतजार करते दो महीने बीत चुके हैं। मई और जून महीने का वेतन अधिकारी व तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को नहीं मिल पाया है।

### प्रतिमाह 1 करोड़ का भुगतान कर्मियों को होना है

निगम के चतुर्थ श्रेणी और प्लेसमेंट कर्मचारियों को भी वेतन नहीं दिया गया है। अब स्कूल खुलने के बाद कर्मियों को अपने बच्चों को प्रवेश कराने में दिक्कत हो रहा है। कर्मियों को हर माह 7 तारीख तक वेतन खाते में आ जाया करता था लेकिन निगम के अडियल रवैए के चलते 399 कर्मियों का भविष्य अंधेरे में है। लेकिन पिछले दो महीने से वेतन तक का नसीब यहां के कर्मियों को नहीं हो पाया है। भिलाई-चरोदा नगर निगम में प्लेसमेंट कर्मचारियों को छोड़ दिया जाए तो नियमित अधिकारी व कर्मचारियों की संख्या लगभग 145 है। इन्हे प्रतिमाह वेतन भुगतान में लगभग 75 लाख और 229 प्लेसमेंट और 25 स्वच्छता 25 लाख रुपए दिया जाता है। दो माह से इन्हें वेतन तक नहीं दिया गया। यहां के कर्मियों का कुल 1 करोड़ रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाता है।

### दो माह से नहीं मिला वेतन, प्लेसमेंट कर्मी भी मानदेय के लिए काट रहे चक्कर




### पालिका बाजार की दुकानों को बेचने का हवाला, लेकिन नहीं बनी बात

निगम के 399 कर्मियों को दो माह से वेतन नहीं दिए जाने को लेकर निगम आयुक्त डीएस सिंह से कर्मियों ने मुलाकात कर वेतन देने की गुहार लगाई।लेकिन उन्होंने टालते हुए पालिका बाजार में बचे दुकानों को बेचने के बाद दिए जाने का आश्वासन दिया गया। वहीं कर्मियों को गुमराह करने के लिए लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की वसूली नहीं होने का भी हवाला दिया जा रहा है। लगातार दो महीने से वेतन नहीं मिलने से निगम के अधिकारी और कर्मचारियों में अवसाद उभरने लगा है।

### भिलाई-चरोदा ननि में कार्यरत कर्मचारी

| | |
|---|---|
| रेगुलर कर्मी | 145 |
| प्लेसमेंट | 299 |
| स्वच्छता कर्मी | 25 |

### नहीं मिला है वेतन

दो माह से वेतन नहीं मिल पाया है। कर्मियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। करीब प्रतिमाह 1 करोड़ का भुगतान किया जाता है। मई-जून का वेतन नहीं मिलने से दिक्कत हो रही है। वेतन को लेकर आयुक्त से भी मुलाकात किया गया है। **-राम अवतार साहू,** अध्यक्ष स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ भिलाई-चरोदा

### मानदेय तक नहीं

कर्मियों का वेतन तक नहीं मिल पाया है। इसके अलावा हम लोगों का मानदेय भी नहीं आया है। निगम भिलाई-चरोदा कई सारी समस्याओं से जूझ रहा है। वेतन को लेकर एकाउंट में मिलने गया था। सिर्फ आश्वासन दिया गया है। **-राम खिलावन वर्मा,** नेता प्रतिपक्ष भिलाई-चरोदा निगम

## खबर संक्षेप



### प्रवर्तन ने बीएसपी के अंदर से पकड़े 11 मवेशी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा संयंत्र परिसर के भीतर अवाारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया। यूआरएम, सीएचएम तथा बोरिया गेट क्षेत्रों 11 मवेशियों को पकड़ कर भिलाई नगर निगम द्वारा के गौठान को सौंपा गये। संयंत्र परिसर के भीतर मवेशियों की उपस्थिति से परिचालन सुरक्षा, कर्मचारियों की आवाजाही और स्वच्छता प्रभावित होती है तथा दुर्घटनाओं का जोखिम भी बढ़ जाता है। संयंत्र के भीतर हरियाली और खुले स्थानों के कारण आवारा मवेशी परिसर में प्रवेश कर विभिन्न सड़क मार्गों पर बैठकर शिफ्टों में ड्यूटी पर आने–जाने वाले कर्मचारियों के आवागमन में कठिनाई उत्पन्न करते हैं प्रवर्तन विभाग द्वारा अभियान के तहत पकड़े गए मवेशियों को निगम द्वारा संचालित गौठान के हवाले किया जा रहा है।

### कोटनी-नगपुरा मार्ग शहीद विष्णु के नाम करने की विधायक से मांग



**दुर्ग।** ग्राम कोटनी निषाद समाज ने ग्रामीण विधायक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर से मुलाकात कर कोटनी-नगपुरा मार्ग नवनिर्मित फूल स्व शहीद विष्णु निषाद के नाम से करने की मांग की। निषाद समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि शहीद विष्णु निषाद ग्राम अंजोरा ख के निवासी थे जो ग्राम महमरा बाढ़ के दौरान 16 लोगों की जान बचाकर 17 वें की जान बचाते हुए उनका पैर फंसने से मौत हो गई थी। पदाधिकारियों ने ग्रामीण विधायक को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने जल्द नामकरण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अंजोरा परिक्षेत्र अध्यक्ष शिव कुमार निषाद, जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बिरेंद्र कुमार निषाद, पिपरछेडी सरपंच ललिता निषाद, ग्राम कोटनी निषाद समाज अध्यक्ष धनीराम निषाद, कोषाध्यक्ष रतन निषाद, शांतनु निषाद युवा प्रकोष्ठ आदि उपस्थित रहे।

## प्रदर्शन : युक्तियुक्तकरण को लेकर कांग्रेसियों ने घेरा शिक्षा विभाग का दफ्तर

# पुलिस के साथ झूमाझटकी, पूर्व विधायक का टूटा चश्मा और अध्यक्ष जमीन पर गिरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने सैकडों की संख्या में शिक्षा विभाग का घेराव कर दिया। कांग्रेसियों में इसे लेकर इस कदर गुस्सा दिखा कि, पुलिस के साथ उनकी जमकर झूमाझटकी हो गई, वहीं पूर्व विधायक अरूण वोरा का चश्मा टूट गया। इस धक्का-मुक्की में शहर अध्यक्ष गया पटेल गिर गए, जहां उन्हें हल्की चोट आई। इस प्रदर्शन को काबू करने पुलिस जवानों के भी पसीने छूट गए थे।

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर भिलाई और दुर्ग संगठन के नेता एक साथ प्रदर्शन में नजर आए। पुराना बस स्टैंड में एकत्रित होने के बाद कांग्रेस नेता सैकडों की संख्या में तख्ती और झंडा लेकर शिक्षा विभाग कार्यालय हिन्दी भवन के सामने पहुंचे। इस दौरान उन्होने रैली निकालकर राज्य शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। राज्य कि भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नए सेटअप के नाम पर किए जा रहे युक्तियुक्तकरण से 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए जाने के निर्णय के खिलाफ राकेश ठाकुर अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस, गया पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस दुर्ग शहर, मुकेश चंद्राकर अध्यक्ष जिला कांग्रेस भिलाई शहर के संयुक्त नेतृत्व में वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, महापौर निर्मल कोसरे, महापौर शशि सिन्हा, पूर्व महापौर आर एन वर्मा, धीरज बाकलीवाल सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति में पुराना बस स्टैंड से पैदल पटेल चौक, गांधी प्रतिमा होते शिक्षा कार्यालय पहुंचकर भारी प्रदर्शन किया। इस दौरान संजय कोहले, दीपक साहू, सीजी एंथोनी, राजकुमार पाली, नासिर खोखर, मुकेश साहू, परमजीत सिंह भुई, आनंद ताम्रकार, अयूब खान, सुशील भारद्वाज, रत्ना रामदेव, सौरभ ताम्रकार, विवेक मिश्रा, सुमित वोरा, राहुल शर्मा, प्रीतम देशमुख, आयुष शर्मा, कन्या ढीमर सहित सभी ब्लाक अध्यक्ष और दुर्ग व भिलाई संगठन के कार्यकर्ता थे।

### युक्तियुक्तकरण से 10463 सरकारी स्कूलों को बंद करने का लगाया आरोप



### दफ्तर के सामने दर्जनभर बेरिकेड्स लगे

शिक्षा विभाग कार्यालय के सामने पहले से ही पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई थी। दफ्तर के सामने गेट पर दर्जनभर से अधिक बेरीकेट्स लगाए गए थे, ताकि प्रदर्शनकारियों को रोका जा सके। लेकिन आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ता बेरीकेट्स लांघने का प्रयास भी किए, वही कुछ कार्यकर्ता बाउंड्रीवाल में चढकर कार्यालय तक पहुंचने का प्रयास करते रहे। लेकिन पुलिस जवानों ने सभी को रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षा विभाग के खिलाफ भी नारे लगे। हांलाकि इस दौरान शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा नही थे, उनकी अनुपस्थिति में अधिकारी राजेश ओझा का ज्ञापन दिया गया।

### ग्रामीण अध्यक्ष ने सुनाई जमकर खरी-खोटी, विरोध भी दर्ज कराया

कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा जनता को रोजगार देने की गरीबों को निःशुल्क शिक्षा देने का 50 हजार टीचरों की नियुक्ति का वादा कर सरकार में आने वाली भाजपा सरकार केवल उद्योगपति पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही है। 10463 सरकारी स्कूल बंद करने से प्रदेश के लगभग 45000 से भी अधिक शिक्षकों का पद समाप्त होंगे, शिक्षकों के साथ-साथ स्कूलों में कार्यरत अन्य स्टॉफ के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा वो बेरोजगार हो जाएंगे। साथ निजी स्कूलों में गरीब पालकों को मजबूरी में प्रवेश दिलाना पड़ेगा। वह सीधा पालकों पर 450 करोड़ का अतिरिक्त बोझ और निजी स्कूलों को अतिरिक्त फायदा पहुंचाने की साजिश है। पूर्व विधायक अरूण वोरा, भिलाई कांग्रेस मुकेश चंद्राकर ने कहा एक तरफ सरकार स्कूलों को बंद कर रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार प्रदेश में नशे को बढ़ावा देने नई नई शराब दुकान खोल रही है। प्रदेश की जनता युवाओं को नशे के गर्त में डालना चाहती है।

### युक्तियुक्तरण को वापस लेने की रखी मांग

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं तीनों जिले के कार्यकर्ताओं ने दुर्ग जिला शिक्षा कार्यालय का ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। जमकर भाजपा सरकार, शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग के नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन की दो लेयर के बेरिकेड तोड़कर शिक्षा विभाग के कार्यालय के मुख्य द्वार पर जमकर नारेबाजी प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर इस तानाशाही निर्णय को वापस लेने की मांग की गई।

# मैत्रीबाग में सैलानी पसीना बहाते घूमने को मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में बैटरीचलित गाड़ियों के संचालन की योजना हवाहवाई साबित हो रही है। इससे कई पर्यटकों को जू का नजारा लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटक चाहते हैं कि अन्य चिड़ियाघरों की तरह यहां भी सुविधा उपलब्ध हो।

- बैटरीचलित गाड़ियों के संचालन की योजना ठंडे बस्ते में

गौरतलब हो कि मैत्रीबाग आने वाले सैलानियों के भ्रमण के लिए वर्ष 2018 में बैटरीचलित गाड़ियों के संचालन की योजना बनाई गई थी। इसके तहत मैत्रीबाग से जवाहर उद्यान तक बैटरीचलित गाड़ियों का संचालन शुरु किया जाना था। इसमें सीनियर सिटीजन, बच्चों और दिव्यांगों आदि जरुरतमंद पर्यटकों इन गाड़ियों में बिठाकर वन्य प्राणियों का दीदार करना था। बैटरीचलित यह गाड़ियां प्रदूषण रहित होना बताई गई थीं। इस योजना के तहत मैत्रीबाग चिड़ियाघर का विस्तार जवाहर उद्यान तक किया जाना था। सैलानियों ने बताया कि जानवरों और पक्षियों के एनक्लोजर व कैज भी जवाहर उद्यान में शिफ्ट किए जाने थे। लेकिन यह योजना हवाहवाई साबित हो रही है। गौरतलब है कि इस योजना के तहत जवाहर उद्यान तक विस्तार किया जाना था। जवाहर उद्यान में पौंड और नारियल और शो प्लांट्स आदि के पौधे भी लगाए गए थे। इसका उद्घाटन सीईओ चंद्रशेखरन ने किया था।

### हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री की माता की शोक श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए विधायक रिकेश

**भिलाई।** हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की मां परमेश्वरी देवी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन उनके निवास पहुंचे।

विधायक ने उनकी माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की धर्मपत्नी एवं हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की मां परमेश्वरी देवी का शुक्रवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वो बीते कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। उन्होंने दिल्ली में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे हिसार के गांव खांडा खेड़ी में किया गया।



# संयंत्र में ट्रांसपोर्टिंग व्यवस्था दुरुस्त करने एसोसिएशन के प्रतिनिधि मिले ईडी से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी वर्क्स के आमंत्रण पर 25 जून को भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संयंत्र भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में ट्रांसपोर्ट व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संयंत्र के भीतर परिवहन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी वर्क्स राकेश कुमार एवं जीएम सर्विसेस तुषार कांत उपस्थित रहे। वहीं भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन से कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, मुन्ना सिंह, ललित मोहन, संतोष सिंह, शहनवाज कुरैशी, प्रेम सिंह, सुनील यादव, मनोज अग्रवाल, पंकज शर्मा, रोशन वर्मा एवं जगजीत सिंह शामिल हुए। बैठक में संयंत्र के भीतर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं नियमबद्ध तरीके से संचालित करने पर सहमति बनी। संयंत्र प्रबंधन द्वारा ट्रांसपोर्ट संचालन में नियमों का सख्ती से पालन करने की बात कही गई, वहीं एसोसिएशन ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।



# रावघाट के किसान कर रहे मिलेट्स की खेती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



रावघाट खदान क्षेत्र में भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर के अंतर्गत किसानों की आजीविका सृजन के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के तहत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, नारायणपुर के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को लघु धान्य फसलों रागी, कोदो, कुटकी आदि की वैज्ञानिक खेती कराई जा रही है।

रावघाट क्षेत्र में किसान परंपरागत तरीकों से धान, रागी, कोदो, कुटकी एवं मक्का जैसी खरीफ फसलों की खेती करते हैं। लेकिन बदलते पर्यावरण और आर्थिक जरूरतों को देखते हुए अब लघु धान्य फसलें मिलेट्स की खेती कर रहे हैं। ये फसलें कम लागत, कम पानी की आवश्यकता, प्रतिकूल मौसम में सहनशीलता और कीट–रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता के लिए जानी जाती हैं।

बीएसपी द्वारा चयनित 189 किसानों की सहमति से 250 एकड़ भूमि पर मिलेट्स की खेती कराई जा रही है। कृषि विज्ञान केंद्र में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें किसानों को उन्नत खेती तकनीकों की जानकारी दी गई। किसानों को उन्नत किस्म के रागी के बीज का वितरण किया गया। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खेत में ही वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। फसल के पकने के बाद उसकी कटाई तथा प्रोसेसिंग भी कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा कराई जाएगी। इसके बाद मिलेट को बाजार में बेचने हेतु मार्केट लिंकेज की जानकारी भी किसानों को प्रदान की जाएगी।

## गोकुल नगर में निगम ने वर्ष 2007 में आवंटित की थी जमीन

# 164 डेयरी संचालकों में से केवल 3 ने जमा की राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई


नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के कक्ष में गोकुल नगर कुरूद के पशुपालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में चर्चा अनुसार गोकुल नगर के 164 पशुपालकों को वर्ष 2007 में निगम द्वारा भूमि आबंटित किया गया था। जिसमें से 3 पशुपालकों द्वारा प्रब्याजी की पूर्ण राशि जमा कर दिया गया है। शेष 161 पशुपालकों द्वारा प्रथम किश्त की राशि जमा की गई है। प्रथम किश्त की राशि जमा करने पश्चात पशुपालकों एवं नगर निगम भिलाई के मध्य अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया था। पशुपालकों को आबंटित भूमि के संबंध में मामला माननीय उच्च न्यायालय एवं सुप्रीम कोर्ट में लंबित रहने से पूर्व में राशि जमा नहीं की गई है। न्यायालय द्वारा प्रकरण का निराकरण किया गया है।

- आयुक्त ने ली गोपालकों की बैठक



वर्तमान में आबंटित भूखण्डों की बकाया शेष राशि एवं भू-भाटक वर्ष 2024-25 तक की राशि जमा कराये जाने हेतु 149 आबंटितो को सूचना पत्र जारी किया गया है। सूचना पत्र मिलते ही सभी पशुपालक निगम आयुक्त से मिलने पहुंचे। पशुपालकों द्वारा आयुक्त से अपील की गई कि कोर्ट के अवधि एवं ब्याज की राशि में छूट दिया जावे। सभी पशुपालक राशि जमा करने सहमति दिए। आयुक्त ने यह भी बताया कि गोकुल नगर के भूमि आबंटन की राशि निगम में जमा होने पश्चात उस राशि को गोकुल नगर के मूलभूत सुविधाओं जैसे- सड़क, नाली, बिजली, पानी एवं साफ-सफाई के लिए उपयोग किया जायेगा, जिससे वहां का बसाहट सुव्यवस्थित हो सके। कुछ पशुपालकों द्वारा जमीन आबंटन की राशि निगम में जमा नहीं किये है और जमीन अन्य व्यक्ति को बेच दिए है। ऐसे पशुपालकों का आबंटन निरस्त किया जायेगा। बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, पशुपालक पप्पू यादव, दिलावर यादव, दिनेश राय, महेन्द्र यादव, रामप्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे।

### आर्य समाज मंदिर में आर्य वीरों का हुआ सम्मान



**दुर्ग।** आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग में आर्य वीर दल के पांच आर्य वीरों का सम्मान हुआ, जो की आर्यवीर दल के राष्ट्रीय शिविर से होकर लौटे हैं। राष्ट्रीय शिविर इस वर्ष गुरुकुल विश्व भारती रोहतक में हुआ। जहां छत्तीसगढ़ से 8 प्रतिभागी भाग लिए, जिसमें से पांच दुर्ग क्षेत्र के थे।

जिसमें अतुल आर्य, सन्देश आर्य, विवेक आर्य, नीलकमल आर्य, तुषार आर्य, अजय आर्य एवं रामेश्वरम आर्य शामिल हैं। वहीं अजय आर्य एवं रामेश्वरम आर्य रायगढ़ और बिलासपुर क्षेत्र से रहे। दुर्ग क्षेत्र के सभी आर्य वीरो का सम्मान आर्य समाज मंदिर के मंत्री मनोज आर्य ने किया।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 26 जून 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



पिया मन भाए दुल्हन

## लाइव इवेंट

### सामाजिक कुरीतियों, पिछड़ेपन को दूर करने कबीर के प्रयास आज भी प्रासंगिक



**भिलाई।** संत कबीर की 628वीं जयंती पर सेक्टर-10 स्थित मुक्तानंद साहू के निवास में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कबार ने सामाजिक कुरीतियों और पिछड़ेपन को दूर करने जो प्रयास किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं। कबीर एक महान चिंतक, विचारक, दर्शनशास्त्री रहे। समाज पर उनकी एक अमिट छाप रही। ऐसे महान संत बिरले ही होते हैं। इस अवसर पर सदगुरु कबीर साहेब के जीवन, उनके विचार, प्रसिद्ध दोहे और समाज पर उनके विचारों का प्रभाव पर परिचर्चा भी हुई।

वक्ताओं ने कहा कि भारतीय इतिहास के मध्ययुग में भारतीय जनता की दशा और दिशा अत्यंत दयनीय थी। क्रुर शासकों द्वारा जनता को दंडात्मक साधन से अपने कब्जे में रखे थे। ताकि जनता किसी भी हालात में उनके खिलाफ आवाज न उठा सके। ऐसे संक्रमणकाल में महान मानवता सम्राट, ज्ञान मार्तण्ड , सदगुरु कबीर का प्रादुर्भाव हुआ। उन्होंने शासक और शोषक वर्ग दोनों को ललकारा। अपने लेखन, दोहों, कविताओं का उपयोग किया। इसे करोड़ों लोगों ने अंगीकार किया।

वक्ताओं ने कहा कि संत कबीर का आंदोलन इसीलिए था कि श्रमशील कृषक वर्ग पशुवत जीवन जीने के लिए विवश थे। सामाजिक कुरीतियों, पिछड़ेपन को दूर करने के लिए शोषकों के खिलाफ संत कबीर और संत रविदास पहले झंडे लेकर आगे आए। इंकलाब किया। शोषित पीड़ित जातियां थी, उन सबको लेकर उन्होंने शांतिपूर्वक आंदोलन किया। मध्ययुगीन इतिहास में मुक्ति आंदोलन के नाम से स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। वर्तमान में ऐसी क्रांति की अत्यंत आवश्यकता है। शिक्षा पर प्रहार, सामाजिक कुरीतियां, अंध विश्वास, पाखंडवाद, जल जंगल जमीन की लूट, देश में भयावह स्थिति होती जा रही है। कार्यक्रम में चन्द्रकला तारम, दीपमाला साहू, देवेंद्र सोनी, राजेश कुमार, राजेन्द्र रजक, मुक्तानंद साहू, लखन सांगोड़े, आरएल वर्मा, युगल किशोर साहू, सतेन्द्र देवांगन मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### यंग इंडियन पार्लियामेंट में दिशा पांडे और शीतलपति विजेता, सम्मानित



**भिलाई।** कॉन्फिड्रेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज द्वारा जेएलएम गायत्री विद्यापीठ में यंग इंडियन पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। इसमें केएच मेमोरियल स्कूल के तीन स्टूडेंट दिशा पांडे, शीतलपति और दिव्या देवांगन ने पार्टिसिपेट किया। सिटी चैप्टर लेवल पर आयोजित इस आयोजन में कॉन्फिड्रेशन ऑफ इंडियन द्वारा स्टूडेंट्स को मौका देने आमंत्रित किया गया था, ताकि वे सामने आए और इस विषय पर अपना आइडिया रख सके। लेवल वन स्तर पर स्कूल की स्टूडेंट दिशा पांडे और शीतलपति ने इस विषय पर अपनी बात प्रभावी ढंग से रखी और जीत हासिल की। अब वह रीजनल लेवल पर जमशेदपुर टाटा में आयोजित इस आयोजन में भाग लेंगे उनकी जीत पर स्कूल की प्रिंसिपल विभा झा ने हर्ष जताया। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है। शिक्षा के साथ-साथ स्टूडेंट्स अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ सकें। इसके लिए स्कूल प्रबंधन हमेशा उन्हें इस तरह के आयोजनों में भेजता है।

## सिटी इवेंट

### साईं बाबा का रथ पहुंचा दुर्ग अनुयायियों ने किया स्वागत



**दुर्ग।** सत्य साईं बाबा के 100 वें जन्म वर्ष पर प्रेम वाहिनी रथ संपूर्ण भारत के लिए निकला है। प्रशांति निलियम आंध्र प्रदेश से रवाना होकर यह रथ दुर्ग पहुंचा। दुर्ग के पटेल चौक में रथ का स्वागत किया गया। जहां पर सत्य साई सेवा समिति के सदस्य बाजे-गाजे के साथ स्वागत कर शिव मंदिर में आरती उतारी। लोगों को शरबत वितरण किया गया। साईं रथ सिविल लाइन गोंडवाना भवन से होते हुए कसारीडीह स्थित प्रशांति मंदिर पहुंचा। साईं रथ यात्रा में समिति के संचालित बाल विकास के बच्चियों द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई।

---

● आपातकाल पर संगोष्ठी और मीसा बंदियों का किया सम्मान, बीते दिनों को किया याद

# इमरजेंसी के 50 साल...भाजपा ने कहा- लोकतंत्र को कैद करने की साजिश रची गई, जनता ने लिया हिसाब

भाजपा ने भिलाई-दुर्ग जिला कार्यालय में मीसा बंदियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान मीसा बंदियों को जहां सम्मानित किया गया। वहीं आपातकाल के दिनों को याद कर इस दिन को ब्लैक डे के रूप में मनाया गया। भिलाई में प्रियदर्शनी परिसर में प्रदर्शनी, गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसी प्रकार दुर्ग भाजपा कार्यालय में भी मीसा बंदियों को सम्मानित किया गया।

**भिलाई-दुर्ग।** भिलाई में मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय शामिल हुए।आयोजित कार्यक्रम में आपातकाल के समय जेल में बंद रहे भिलाई के 28 मीसाबंदी एवं उनके परिवार को सम्मानित किया गया। पाण्डेय ने कहा कि 25 जून 1975 की मध्यरात्रि को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने निहित स्वार्थ प्रधानमंत्री के पद पर बने रहने के लिए आंतरिक अशांति का हवाला देकर भारतीय संविधान के विरूद्ध जाकर भारत पर आपालकाल थोप दिया। कांग्रेस की तानाशाही और निरकुंश सरकार ने जनता की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर रख दिया।

जनसंघ एवं समर्थित दल के दिग्गज नेता को जेल में डाल दिया गया। 8 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक के पुरुषों का जबरदस्ती नसबंदी कराया गया। परन्तु उनकी तानाशाह से देश की जनता आक्रोशित होकर इंदिरा गांधी के विरूद्ध महौल बनाया। इसकी परिनीति यह रही कि सन 1977 के चुनाव में कांग्रेस सरकार को मुंह की खानी पड़ी। जनता ने अपना मतदान कांग्रेस के विरोध में देकर देश के लोकतंत्र को बचाने का काम किया। यह इतिहास की एक घटना मात्र नहीं बल्कि कांग्रेस की मानसिकता का प्रमाण भी है। सांसद



विजय बघेल ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो कि संविधान और देश की आत्मा को ताक में रखने से पीछे नहीं हटते हैं। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम देवांगन, जागेश्वर साहू, सांवला राम डाहरे, शिरिष अग्रवाल, महेश वर्मा, प्रभुनाथ मिश्रा, शंकर लाल देवांगन, खिलावन सिंह साहू, बिजेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### मीसा बंदियों ने आपातकाल के दिनों को किया याद

इस अवसर पर मीसाबंदी राम अवतार यादव, योगेन्द्र सिंह, ईश्वर प्रसाद बघेल, बालाराम वर्मा, दशरथ सिंह वर्मा, मिठाईलाल गुप्ता, रामकिशन मूदड़ा, कमला देवी टावरी, रविन्द्रर कौर, पार्वती बावनकुले, विजय शुक्ला, सुभाष मौर सहित विनोद सिंह, कन्हैया लाल सोनी, मनीष अग्रवाल, राम उपकार तिवारी, मिथिला खिचरिया, उपसाना साहू, के. गणपति, दिलीप पटेल, डॉ. प्रदीप चौधरी, महेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र सिंह, द्वारिका चंद्रवंशी, एसएन सिंह, सुन्दर लाल साहू, प्रशांत गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह. गोल्डी सोनी, वरूण यादव, रोहित साहू, दीपक भोडेकर आदि मौजूद थे।




### आपातकाल वह नासूर जिसने संविधान के अधिकारों की हत्या की थी: गजेन्द्र

**दुर्ग।** भाजपा कार्यालय में मीसा बंदियों के सम्मान में कार्यक्रम हुआ। शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि आपातकाल वह नासूर है, जिसने संविधान में प्रदत्त अधिकारों की हत्या की। देश इस दिन को कभी नहीं भूला सकता। 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु देश में आपातकाल लगा दिया था, जबकि उसे समय ऐसा कोई भी औचित्य नहीं था। दुर्ग भाजपा कार्यालय में आपातकाल के ऊपर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, रमशीला साहू, उषा टावरी, पूर्व महापौर चंद्रिका




चंद्राकर, जितेंद्र वर्मा, दिनेश देवांगन प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर मीसा बंदियों में राम पाटनकर, ठाकुर जनार्दन सिंह, लक्ष्मी नारायण ठाकुर, चिंतामणि वामन, वासुदेव पाटनकर, गोवर्धन जायसवाल, स्व. मोहन भैया, डॉ. स्व. वामन वासुदेव पाटनकर, स्व. दिनकर श्याम राव डांगे, कल्याण सिंह अग्रवाल, स्व. शामनदास रत्नानी, स्व. विरेंद्र दानी, डॉ. देवेंद्र दानी, स्व. डोमार सिंह चंद्रकार, स्व. डॉ. लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, स्व. ज्योति प्रकाश साहू, स्व.जागेश्वर साहू, स्व. मंगल दास जांगड़े, स्व. किशन लाल शर्मा को सम्मानित किया गया। वर्तमान में इनमें से कई की मृत्यु हो चुकी है। उनका सम्मान उनके परिजनों ने ग्रहण किया। सांसद विजय बघेल नेकहा कि संविधान हत्या दिवस 25 जून 1975 कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल की लेकर मनाया जाता है।

---

## सेंट्रल ऑफ़ इंडिया सीजन 2 में भिलाई की पूनम ने बाजी मारी

**भिलाई।** मिस, मिसेज, किड्स, मिस्टर और ट्रांसजेंडर सेंट्रल ऑफ़ इंडिया 2025 सीजन 3 में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, मनेन्द्रगढ़, अंबिकापुर, कांकेर, कोरबा, जगदलपुर सहित प्रदेस के अन्य हिस्सों के प्रतिभागी शामिल हुए। इस सौंदर्य प्रतियोगिता मे जजमेन्ट जूरी मेंबर टी जयारेड्डी, अर्पिता सिंह, ममता प्रसाद, छमा बंजारे, पियूष, आरुही और प्रतिभा जैन थीं। यह भव्य आयोजन ग्लैमर और टैलेंट का अद्भुत संगम साबित हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और आकर्षण का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। सेंट्रल ऑफ़ इंडिया ब्यूटी पजेंट तृप्त प्रोडेक्शन की फाउंडर तृप्ति राय चौधरी द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में दुर्ग की मिसेज पूनम साहू प्लस कैटेगरी विनर रही। मिसेस ममता सोनवानी फ़ास्ट रनर और वर्षा बंजारे को बेस्ट परसनॉल्टी का टैग मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टी जयाप्रदा, अर्चना वर्मा, आदिल, गर्व उपस्थित थे। इस इवेंट मे स्वीमिंग राउंड, जूम्बा राउंड और टैलेंट राउंड कराया गया, जिसमे सभी प्रतिभागियों ने अपना बेस्ट दिया। ग्रोमिंग इमरान शेख और नगरा ब्रदर्स द्वारा सभी प्रतिभागियों को दिया गया। एंकरिंग अमन वर्मा और टराजन द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ से 65 प्रतिभागियो ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।



## बिगनर्स कोर्स में स्काउट-गाइड के कार्यों के बारे में शिक्षकों को दी गई जानकारी

**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का एक दिवसीय बिगनर्स कोर्स खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में आयोजित किया गया। दुर्ग, पाटन, धमधा के सरकारी स्कूलों के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के रूप में शामिल हुए। जिले के प्रशिक्षण मंडल के रूप में आनंद राम बघेल, त्रिलोक चंद चौधरी, नीरज कुमार साहू, बालक दास रावत, अमिता हरमुख सहित अन्य मौजूद थे। रोवर लीडर अमृत राव ने स्काउट गाइड आंदोलन के जन्म, सिद्धांत एवं विकास, यूनिफॉर्म, झंडा गीत, यूनिट लीडर की उन्नति, यूनिट का निर्माण, संचालन एवं विस्तार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रगान के साथ कोर्स का समापन हुआ। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, कैलाश कुमार सोनी, सुनीता संजय बोहरा, जिलाध्यक्ष अशोक देशमुख के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।




---

निषाद सामुदायिक भवन में सम्मान समारोह का आयोजन, प्रदेशभर के प्रतिनिधि हुए शामिल

## मछुआरा समाज के ढीमर, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह एकजुट, खिलाड़ियों और जनप्रतिनिधियों को सम्मानित कर संगठित करने दिया संदेश

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** मछुआरा समाज का वार्षिक सम्मेलन निषाद सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर के सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ कल्याण समिति द्वारा आयोजित इस समारोह में मछुआरा समाज के अंतर्गत आने वाले केंवट, ढीमर, कहार, कहरा, मल्लाह समेत पांच समाज के लोग एकजुट हुए। सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान दुर्ग-भिलाई सहित प्रदेशभर से मेधावी छात्र-छात्राओं और जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। साथ ही दुर्ग जिला मछुआरा समाज से चार जनपद सदस्य तथा सात पार्षदों का सम्मान हुआ। मुख्य अतिथि अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नेहरू निषाद थे। उन्होंने कहा कि मछुआरा समाज देश का सबसे बड़ा और संगठित समाज है, जो अपने परिश्रम, कर्मठता और समाजसेवा इतिहासों के लिए जाना जाता है। यह समाज न केवल अपनी एकता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।



### नियमित रूप से सामाजिक गतिविधियां कराने लिया निर्णय, शिक्षा पर भी दिया जोर

गायत्री गायग्वाल डॉ. लखन लाल धीवर ने भी समाज संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक गतिविधियां हर जिले में हो, इसके लिए सामाजिक पदाधिकारियों की भूमिका अहम है। इससे सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एमआर निषाद, बिरेंद्र कुमार निषाद, राजकुमार, डिकेश्वरी, झुमुक निषाद, नरेश निषाद, कुशल मटियारा, संतोषी निषाद, नेमा निषाद, केशव, धरमबंती, देविका, कुन्ती, ममता सहित अन्य सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर युवाओं को आगे बढ़कर समाज के उत्थान की दिशा में कार्य किए जाने की भी बात कही गई।

### समाज के बच्चों को शिक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी

मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत लाल मटियारा ने कहा कि समाज को शिक्षा करना वर्मतान समय की जरुरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही आगे बढ़ेगा। जलक्षेत्रों को मछुआरा समाज को मिले ऐसा मेरा प्रयास है। तालाब को मछुआ सहकारी समिति के नाम आबंटित कराकर दिगर व्यक्ति या समाज को देने की कोशिश नहीं करना है। एमआर निषाद ने कहा कि मछुवारा समाज को और ज्यादा संगठित होकर सही नेतृत्व के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। विशेषकर राजनीति और शिक्षा के क्षेत्रों में समाज को मजबूती के साथ आगे ले जाना है।

### आगामी दिनों में जिला स्तर पर आयोजन की तैयारी, बैठक में निर्णय

बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी दिनों में जिला स्तर पर इस प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। समाज के प्रतिभावान बच्चों और महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। आगामी दिनों में शिक्षा के क्षेत्र में जानकारी के लिए करियर गाइडेंस प्रोग्राम किए जाने की जानकारी दी गई। समाज के शिक्षित लोगों से इस दिशा में व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाने की अपील की गई। कार्यक्रम में रोजगार को लेकर सामूहिक प्रयास करने और शासन-प्रशासन में प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में भी कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया।



सिटी इवेंट

## जीवन की हर घड़ी अंतिम क्षण मानकर हर पल करें श्रेष्ठ कर्म





**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा की 60वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस के अवसर पर सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में ब्रह्ममुहर्त से ब्रह्मावत्सो ने मौन में रह संगठित रूप से राजयोग द्वारा मातेश्वरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भिलाई सेवा केंद्र की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने

- मातेश्वरी को राजयोग द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की

मातेश्वरी से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए कहा कि वें 17 वर्ष की आयु में राधे नाम की कन्या के रूप में संस्था के संपर्क में आई और परमात्म ज्ञान को अपने जीवन में धारण कर जीवन की हर घड़ी अंतिम घड़ी समझ कर श्रेष्ठ कर्मों द्वारा सभी को खुद में परिवर्तन करने की सहज प्रेरणा दी। आशा बहन ने बताया कि उन्होंने उस युग में नारी नेतृत्व का आदर्श प्रस्तुत किया जब महिलाओं को सामाजिक नेतृत्व सीमित था।वे स्वयं शिव शक्तिस्वरूपा बनकर हजारों महिलाओं को नेतृत्व और ज्ञान का मार्ग दिखाने वाली बनीं।

### अनुशासन और मर्यादा की प्रतिमूर्ति

ब्रह्मचारी जीवन, नियमितता, सात्विकता और संयम में वे उत्कृष्ट थीं। वे स्वयं मर्यादा का पालन करती थीं और दूसरों को भी प्रेरित करती थीं। संस्था उन्हें आज भी आध्यात्मिक माँ के रूप में याद करती है। मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती ब्रह्माकुमारी संस्था की नींव का आधार थीं। उन्होंने न केवल परमात्म ज्ञान, राजयोग का प्रचार किया, बल्कि उसका स्वरूप बनकर स्वयं के जीवन को भी जिया। उनका जीवन आत्म-चिंतन, ईश्वर-प्रेम और मानवता की सेवा का आदर्श उदाहरण है। ऐस निस्वार्थ भाव से विश्व कल्याण की सेवा करते हुए 24 जून 1965 में अपने भौतिक देह का त्याग कर सम्पूर्ण स्थिति को प्राप्त किया। मातेश्वरी बहुत ही शांत, सौम्य और गंभीर थी। साक्षात पवित्रता की देवी थी। उनके तेज के सामने कैसी भी कामी, क्रोधी आत्मा का परिवर्तन हो जाता था। वे सदा आत्मिक स्मृति में रहती थी।

● वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस एवं सम्मान समारोह में जुटे लोककलाकार

# लोक कलाकारों के सुआ और काकसार नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने बांधा समां, दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक

**भिलाई।** वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन बैकुंठ धाम मरौदा नेवई भिलाई में किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ी परंपरा और संस्कृति की झलक देखने को मिली। जिसमें आदिवासी अंचल से आए लोक कलाकारों ने अबुझमाड़िया जनजातियों का पारंपरिक लोक नृत्य वर्षा के देवता काकसार की पूजा के बाद किये जाने वाले काकसार नृत्य और सुवा सहित अपने आदिवासी नृत्यों से समा बांध दिया। आयोजन में छत्तीसगढ़ के 15 ख्याति प्राप्त कलाकारों को पुरोधा सम्मान दिया गया। 30 महिला स्व सहायता समूह और 32 उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को रानी दुर्गावती नारी शक्ति सम्मान दिया गया। शुरूआत में सभी अतिथियों का सम्मान मोर मुकुट पहनाकर ,शाल फल एवं मोमेंटो देकर किया गया। इस दौरान संयोजक पद्मश्री डॉ राधेश्याम बारले ने स्वागत भाषण में बताया कि गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती का स्मरण करना हम सबके लिए गौरव का अवसर है। उन्होंने अतिथियों और उपस्थित लोगों को आयोजन की विस्तार से जानकारी दी।





### दुर्गावती स्वतंत्रता की खातिर दिया आत्मबलिदान

मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी तिमिरेंद्र शेखर सिंह कंवर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गोंडवाना साम्राज्य की राज्य की स्वतंत्रता और अस्मिता की रक्षा के लिए वीरांगना रानी दुर्गावती ने कभी समझौता नहीं किया और हमेशा संघर्ष का मार्ग चुना। हम सब उनकी संतान के तौर पर उन्हीं के दिखाए रास्ते पर चलने की कोशिश करें और समाज की एकता के लिए कार्य करें। श्री कंवर ने कहा कि वीरांगना दुर्गावती ने 24 जून 1564 को अपनी कटार स्वयं अपने सीने में भोंककर आत्म बलिदान दिया था और स्वतंत्रता की खातिर दिया उनका यह आत्मबलिदान हम सबको नई राह दिखाता है। विशिष्ट अतिथि केश शिल्प कल्याण बोर्ड छग अध्यक्ष मोना सेन ने वीरांगना दुर्गावती द्वारा महिलाओं के लिए किये गए कार्यो को महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित कलाकारों में चम्पा निषाद, ननकी राम ठाकुर, निर्मला बेलचंदन, तुषान्त बारले, चंद्रिका आर्या, खुमेश मानिकपुरी, पुष्पा शंकर साहू, विनीता ढीमर, शगुन चक्रधारी, तबला मास्टर ढाल सिंह चक्रधारी ,बासुरी बादक शंकर साहू,तबला मास्टर सन्तोष ढीमर, रिसाली पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शैली, परमेश्वर नाग, गणेश विश्वकर्मा, भोज राज बारले पार्षद, तुलसी ध्रुव, चंदू देवांगन और नवीन सिन्हा सहित अनेक कला-संस्कृति साहित्य प्रेमी व समाजसेवी उपस्थित थे।

### सम्मानित हुए लोककलाकार और समाजसेवी



आयोजन में पुरोधा सम्मान के अंतर्गत रानी दुर्गावती स्मृति सम्मान डॉ. विनीत ध्रुवे जिला अस्पताल दुर्ग, चंद्रिका आर्या लोक गायिका, सुशील साहू को दिया गया। अहिल्याबाई होल्कर सम्मान कविता वासनिक लोकगायिका राजनांदगांव, बहादुर कलारिन स्मृति सम्मान हिरेश सिन्हा लोक गायक चारामा, जितेश्वरी सिन्हा प्रसिद्ध लोक गायिका चारामा, कौशल्या माता सम्मान चंपा निषाद प्रख्यात लोक गायिका रायपुर, डॉ. गार्गी पाण्डेय रायपुर, मिनीमाता स्मृति सम्मान कल्याणी बांधे भिलाई, गीता कोठारी शिक्षाविद खोला पाटन, लक्ष्मण मस्तुरिया स्मृति सम्मान-तुषांत बारले लोक गायक भिलाई और खुमेश मानिकपुरी लोक गायक बालोद को दिया गया।

### तुषांत के लोक गीतों की धूम मची

आयोजन में आदिवासी अंचल से आए लोक कलाकारों ने अपने नृत्यों से माहौल बना दिया। इनमें काकसार नृत्य-बुटलू राम माथरा नारायणपुर, सुवा नृत्य-सुवा सखी महिला सुवा मंडली नेवई उमेश्वरी देवांगन, पंथी नृत्य सात ज्योति पंथी नृत्य दल डुमर अहिवारा, ऋषि चंदेल और लोकमंच से तुषांत बारले, खुमेश मानिकपुरी एवं चंद्रिका आर्या की विशिष्ट प्रस्तुति हुई। वहीं कल्याणी बारले ने भरथरी की अनूठी प्रस्तुति दी। जिसे सभी लोगो ने सराहा। आयोजन का आकर्षण लोकमंच के तुषान्त बारले के गीतों की प्रस्तुति रही।

### इन्हें मिला छत्तीसगढ़ कला रत्न सम्मान

छत्तीसगढ़ कला रत्न सम्मान-पुष्पा शंकर साहू लोक गायिका रामनगर भिलाई, विनीता ढीमर लोक गायिका बोरिगारका, रानी दुर्गावती नारी शक्ति सम्मान रामेश्वरी ठाकुर बिरेभाठ, सरोज ठाकुर बिरेभाठ, जागृति मारकण्डे शिक्षिका उमरपोटी, रेणुका देशलहरे शिक्षिका रिसाली, महेश्वरी मिर्री प्राचार्य ओदरागहन, नमीता मांडवी मितानिन ग्रुप बी.आर.पी. कॉलोनी को दिया गया।

समाज इवेंट

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में दिया परामर्श, राजा दाहिर को दी श्रद्धांजलि




**भिलाई।** साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आदर्श सिंध ब्रादर मंडल हाउसिंग बोर्ड भिलाई सिंधी समाज द्वारा सिंध की सीमाओं के रक्षक महाराजा दाहिर सेन के 1313वें बलिदान दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समाज के भवन में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया गया। धन्वंतरी चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी ने बताया कि शिविर के लिए सुबह 11 से 12 बजे तक जांच के लिए पंजीयन कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साईं झूलेलाल की आरती अरदास और पल्लव के साथ हुई। कार्यक्रम के समापन पर महाराजा दाहिर सेन की जीवनी पर प्रकाश डालकर उनके समर्पण को याद करते हुए राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया गया। शिविर में उपस्थित सभी शिविरार्थियों की खून जांच, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर की जांच एवं अन्य जांच की गई। उनकी शारीरिक कान, नाक, आंख, गले, पेट, हार्ट, किडनी की समस्याओं का निदान करने परामर्श दिया गया और आगे के इलाज के लिए स्पर्श अस्पताल में निशुल्क टोकन भी जारी किया गया। शिविर के अंत में मौन श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित महिलाओं व पुरुषों के अलावा शामिल न हो पाने वाले सदस्यों ने यथास्थान दो मिनट मौन होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान समाज की एकता और देशभक्ति की भावना को कायम रखने के लिए समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी ने अपने उद्बोधन में महाराजा दाहिर सेन की शूरवीरता के बारे में बताया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, उपाध्यक्ष सुभाष भगत, सहसचिव पंकज आहूजा, जयेश तलरेजा, अमृत कृष्णानी आदि उपस्थित थे।

आयोजन

## फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई कर स्टूडेंट्स मनोवैज्ञानिक बनकर संवार पाएंगे करियर




**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक साइंस विभाग के विद्यार्थी नवा रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय एवं केंद्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय एनएफएसयू कैंपस और केंद्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सीएफएसएल का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना करियर संवार पाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य में एनएफएसयू एवं सीएफएसएल बनने के बाद फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट जल्दी आएगी जिससे कोर्ट अपना फैसला सुना सकेगा। इससे राज्य में क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को मजबूती मिलेगी। अभी रिपोर्ट लेट आने से कोर्ट के फैसलों में देरी होती है जिस कारण आरोपी को अनावश्यक जेल में रहना पड़ता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नया आपराधिक कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता सात साल या उससे अधिक की सजा वाले सभी अपराधों में फॉरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा अपराध स्थल पर साक्ष्य एकत्र करना अनिवार्य बनाता है। इसलिए हजारों फॉरेंसिक विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि अब हर साल 30,000 से भी ज्यादा युवा देश की सेवा के लिए फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञ के रूप में तैयार होंगे।

**भारती विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हुए कार्यक्रम में शामिल**

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, गृहमंत्री विजय शर्मा और डिप्टी सीएम अरुण साव मौजूद थे। भारती विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष जयंत बारीक एवं सहायक प्राध्यापक समीक्षा नैय्यर सहित फॉरेंसिक साइंस विभाग में अध्ययनरत स्टूडेंट्स भी सम्मिलित हुए हैं।

संस्कृत प्रशिक्षण का छठवां दिन

## रोज 2 घंटे बुजुर्गों से बच्चे सीख रहे संस्कृत नदी पहाड़ खेलकर आनंदित हुए प्रशिक्षार्थी



**भिलाई।** 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर में बच्चों रोज 2 घंटे की क्लास में उत्साह के साथ संस्कृत सीखने समय से पहले पहुंच कर अभ्यास कर रहे है। ओम परिसर दुर्ग में आयोजित 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर के छठवें दिन बच्चों ने संस्कृत में बात करना सीखा। इस कक्षा में संस्कृत में प्रशिक्षार्थियों को खेल खिलाया गया। बच्चें तड़ागे तटे खेल खेल कर आनंदित हुए। छात्र-छात्राओं को खेल-खेल में संस्कृत सिखाया जा रहा है। 5 से 7 प्रतिदिन 2 घंटे की क्लास में संस्कृत का वातावरण बनाया जाता है। जिसमें एक भी शब्द अन्य भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता। विद्यार्थियों को संस्कृत इशारे से नाटक व अभिनय करके खेल के द्वारा सिखाया जा रहा है।

शिविर के संयोजक डॉ. अजय आर्य ने बताया कि संस्कृत सीखना सहज और सरल है। वर्तमान काल में विद्यालयों में जिस पद्धति से हम संस्कृत पढ़ रहे हैं उसमें पाठ पढ़ना उद्देश्य है। इसलिए संस्कृत संभाषण में कोई भी दक्ष नहीं हो पता। यहां 10 दिन का अभ्यास करके 8 से 10 साल के बच्चे संस्कृत बोलने का अभ्यास कर रहे हैं। सभी सनातन परंपरा संस्कृति के ग्रंथों पर ही निहित है इसलिए हमें संस्कृत को किसी न किसी रूप में अपने जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। जब हम इस भाषा के रूप में स्वीकार कर लेंगे तब आत्म गौरव प्रबल हो जाएगा। उन्होंने सभी को संस्कृत की कक्षाओं को अपने आसपास आयोजित करने की बातें कही। संस्कृत को बोलना और संस्कृति को सुनना आनंददाई होता है। एक शोध में प्रतिपादित किया गया है कि संस्कृत के शब्दों का उच्चारण मंत्र और श्लोक के पाठ करने से तनाव को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। संस्कृत के शब्दों से जीवनी शक्ति प्रबल होती है। इस दौरान ईश्वरी देवांगन, डॉ अजय आर्य, प्रो जैनेंद्र दीवान कक्षा में प्रशिक्षण दे रहे हैं। अक्षत दिशांक, मेघांशु, उत्तम कुमार आदि ने प्रशिक्षण में संस्कृत संभाषण का अभ्यास किया।

**संस्कृत बोलना सीख रहे बच्चे**

सिटी लाइव

## 5 व 6 जुलाई को प्रदेश स्तरीय सहकारिता महोत्सव, दुर्ग जिले से करेंगे प्रतिनिधित्व



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष आयोजन समिति की प्रांतीय बैठक जगन्नाथ मंदिर जगदलपुर में आयोजित की गई। बैठक में दुर्ग-भिलाई सहित पूरे प्रांत से हर जिले के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद दिनेश कश्यप शिरकत की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाएं का लाभ उठाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर 5 और 6 जुलाई को दो दिवसीय सहकार महोत्सव के अंतर्गत सहकार सेवा संगम कार्यक्रम का आयोजन जगदलपुर में किया जाएगा। करूणा निधि ने बताया कि सहकारिता को कैसे जन जन तक पहुंचा कर इसका लाभ सभी को मिले यही सहकारिता का मूल मंत्र है। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान दुर्ग जिले से दीपक मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शैक्षिक सहायता जनभागीदारी से....मुंह मीठाकर किया पाठ्य पुस्तकों का वितरण

कार्नर न्यूज

# बच्चों ने दी गीत, सामूहिक नृत्य और नाटक की प्रस्तुति, पांच विद्यार्थियों के शैक्षिक व्यय और सीलिंग फैन देने किया सहयोग

**भिलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कैंप 1 में जन भागीदारी शाला विकास प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वाधान में नव प्रवेशी विद्यार्थियों के लिए शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा पहली, छठवीं और कक्षा नवमीं के छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाकर, गणवेश और पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा मधुर गीत, सामूहिक नृत्य और नाटक भी प्रस्तुत किये वही अतिथियों ने पौधरोपण कर हरियाली फैलाने का संदेश दिया। इस दौरान शिक्षकों और अतिथियों ने पांच निर्धन विद्यार्थियों के शैक्षिक व्यय को वहन करने सहमति दी वही सीलिंग फैन और चरण पादुका का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राम उपकार तिवारी, अमित मिश्रा, धर्मेंद्र पांडे, डॉ शैल वर्मा, गंगा प्रसाद गुप्ता, राजकुमार जायसवाल, दिनेश सिंह, रामकुमार साव, तारा और शाला विकास समिति अध्यक्ष अशोक यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 155 नव प्रवेशी बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत में शाला की प्राचार्या जया तिवारी ने शाला द्वारा गत वर्ष प्राप्त की गई उपलब्धियां को बताया। जिसके बाद नवप्रवेशी विद्यार्थियों का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर चॉकलेट, पाठ्य पुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया। अतिथियों द्वारा शाला के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाले मेघावी विद्यार्थियों, राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन देने वाले एवं कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रशिक्षित विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया।



### अतिथियों ने बच्चों को किया प्रोत्साहित



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि राम उपकार तिवारी ने विद्यार्थियों में संस्कार की बात कही। वही डॉ शैल वर्मा ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर जोर दिया। अन्य अतिथियों ने अपने-अपने विचारों की व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में साक्षरता पर आधारित जीनत द्वारा मधुर गीत, छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य एवं नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में शाला परिसर में अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन रत्ना साहू और आभार व्यक्त शाला के उप प्राचार्य राजू गुप्ता ने किया। इस दौरान प्रधान पाठक, राजकुमारी पटेला सहित शाला के सभी शिक्षक और स्टॉफ मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने शाला में किया स्वस्फूर्त सहयोग

शाला मे जन भागीदारी से नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शाला का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण मिलता है जिससे विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों से बड़े उत्साह एवं सक्रियता से सहभागी होते है। इसी कड़ी में निर्धन छात्र-छात्राओं के लिए डॉ. शैल वर्मा ने 51 सेट, दीपक नागपाल ने 25 सेट और शाला के शिक्षकों द्वारा 10 सेट चरण पादुका (स्कूल जूता) कुल 85 सेट चरण पादुका उपलब्ध कराया गया। इसी कड़ी में गंगा प्रसाद गुप्ता ने शाला को एक सीलिंग फैन, दिनेश सिंह ने पांच निर्धन विद्यार्थियों के शैक्षिक व्यय को वहन करने सहमति दी गई। शाला की एक शिक्षिका द्वारा अपने विषय की 40 पुस्तकों को शाला में हायर सेकेंडरी स्तर के लिए संचालित निशुल्क बुक बैंक में दान करने की बात कही, वहीं कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी शाला को पुस्तक दान करने का संकल्प लिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### ईस्ट और साउथ जोन की जीत, रिया और नवलीन की शानदार पारी




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-19 एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत बुधवार को दो मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन ने वेस्ट जोन के विरुद्ध 58 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 4 विकेट पर 210 रन बनाए। इनमें रिया सिंह ने नॉट आउट 80 रन और नवलीन कौर जस्सल ने नॉट आउट 58 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की मोनिका श्रीवास ने तीन विकेट और मिताली नरेटी ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन की टीम 152 रन पर आउट हो गईं। वेस्ट जोन की मोनिका श्रीवास ने 48 रन, मिताली नरेटी ने 23 रन और सौम्या रात्रे ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की नवलीन कौर जस्सल ने दो विकेट तथा संयोगिता साहू,मोनिका मरावी एवं रिया सिंह ने एक-एक विकेट लिए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में बुधवार को हुए मैच में टीम नॉर्थ जोन के विरुद्ध साउथ ने पांच विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन की टीम 68 रन पर आउट हो गई। जिसमें गीत डहरिया ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की शिविका अग्रवाल एवं चांदनी कुमारी ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं रंगीता लाकराने ने दो विकेट, ख्याति साहू एवं हिवानी चंद्रवंशी ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 5 विकेट पर 69 रन बनाए। जिसमें निधि मांडवी ने नॉट आउट 24 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की सुरभि एवं शाहीना खान ने एक-एक विकेट लिए।

### अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल योगा प्रतियोगिता आज से

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के मंडल मुख्यालय रायपुर मे 48 वी अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल योगा प्रतियोगिता-2025 का आयोजन 26 जून से 28 जून तक डब्लुआरएस रेलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन मे किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में सभी क्षेत्रीय रेलवे से 15 टीमे भाग ले रही है।



### राज्य स्तरीय क्लब क्रिकेट की चैंपियन बनी एमआरएफ एकेडमी



**रायपुर।** टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित स्वर्गीय हुसैन कुरैशी अंडर-16 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन राजधानी रायपुर में हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी में पिछले 15 दिनों से यह स्पर्धा आयोजित हो रही थी। जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य से 16 टीमो ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी टीमो को 3-3 टी-20 मैच खेलने को मिले। प्रतियोगिता में कुल 28 मैच हुए। जिसे पूरे छत्तीसगढ़ ने यू-ट्यूब के माध्यम से सीधा प्रसारण लाइव देखा।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच प्रतियोगिता की दो सर्वश्रेष्ठ टीम टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी रायपुर और एमआरएफ क्रिकेट एकेडमी राजनांदगांव के बीच हुआ। राजनांदगांव ने टॉस जीतकर टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।


टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाए। जवाब में एमआरएफ एकेडमी राजनांदगांव की टीम ने 19.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर विजयी लक्ष्य हासिल कर लिया और रोमांचक मैच में 4 विकेट से हासिल की। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के कप्तान आदित्य बयडवाल रहे। उन्होंने आलराउंड प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजी में 187रन बनाने के साथ गेंदबाजी में 9 विकेट भी हासिल किए।

प्रतियोगिता के सर्वश्रेस्ठ बल्लेबाज भी टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के आदित्य बयडवाल रहे। प्रतियोगिता के सर्वश्रेस्ठ कीपर और एमआर एकेडमी के श्रेयांश कुमार रहे। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच राजनांदगांव के अश्विर सिंह रहे। इस अवसर पर राजेश्वर सोनकर, राकेश कुर्रे, विकास सोनकर, शेख वहीद, मनहरण यादव, प्रमोद राजपूत, मुनव्वर अली, श्रीमती लता खैरवार, श्रीमती जानकी ध्रुव और लेख राम साहू उपस्थित थे। मंच का संचालन जमशेद रजा ने किया।

## स्क्रीन से होने वाली आंखों की समस्याओं के लिए बचाव जरूरी

# ई- स्क्रीन आपकी आंखों को पहुंचा रहा नुकसान बढ़ रही लोगों में 'डिजिटल आई स्ट्रेन' की समस्या

आज के समय में बहुत से लोग अपनी दिनचर्या का अधिकतर समय किसी न किसी स्क्रीन के सामने ही बिताते हैं। ज्यादा देर तक स्क्रीन के सामने रहने से डिजिटल आई स्ट्रेन की समस्या हो सकती है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं, साथ ही इसके बचाव के उपाय भी जानेंगे। आज की डिजिटल दुनिया में स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट हमारी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में अधिकतर लोग इन स्क्रीन्स पर अपना ज्यादातर समय बिताने लगे हैं। पहले के समय बच्चे कम से कम आउटडोर गेम खेलते थे, लेकिन अब मनोरंजन से लेकर काम तक, हर चीज इन्हीं स्क्रीन्स पर सिमट गई है। लेकिन इस सुविधा का एक नकारात्मक पहलू भी है, लंबे समय तक स्क्रीन पर समय बिताने से हमारी आंखों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, जिसे चिकित्सकीय भाषा में डिजिटल आई स्ट्रेन या कंप्यूटर विजन सिंड्रोम कहा जाता है। यह सिर्फ आंखों की हल्की थकान नहीं है, बल्कि तेजी से बढ़ती हुई बड़ी समस्या है जो आंखों में जलन, सूखापन, धुंधलापन और लगातार सिरदर्द का कारण बन सकती है। ऐसे में, इस डिजिटल चुनौती के दौर में अपनी आंखों की सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। आइए इस लेख में हम इसी के बारे में विस्तार से जानेंगे कि डिजिटल आई स्ट्रेन क्या है और इससे कैसे बचा जा सकता है?



### डिजिटल आई स्ट्रेन क्या है?

डिजिटल आई स्ट्रेन एक ऐसी स्थिति है, जो लंबे समय तक डिजिटल स्क्रीन (कंप्यूटर, फोन, टीवी) के उपयोग से होती है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी (ब्लू लाइट), बार-बार पलक न झपकना, और अनुचित दूरी या रोशनी में काम करना इसके मुख्य कारण हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 50-90% लोग जो रोजाना 2-3 घंटे से ज्यादा स्क्रीन पर समय बिताते हैं, इस समस्या से प्रभावित होते हैं। इसके लक्षणों में आंखों में दर्द, सूखापन, थकान, धुंधला दिखना, और सिरदर्द शामिल हैं।



**डिजिटल आई स्ट्रेन के कारण**

लंबे समय तक स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करने से आंखों की मांसपेशियां थक जाती हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी रेटिना को नुकसान पहुंचा सकती है और स्लीप साइकिल को प्रभावित करती है। इसके अलावा कम पलक झपकने से आंखें सूखी रहती हैं, जिससे जलन और असहजता होती है। खराब रोशनी, गलत बैठने की मुद्रा, और स्क्रीन की गलत दूरी भी इस समस्या को बढ़ाते हैं। बचाव के आसान उपाय आपको जानना जरूरी है। इस



समस्या से बचने के लिए आप कुछ आसान उपाय अपना सकते हैं-

हर 20 मिनट में 20 सेकंड के लिए स्क्रीन से हटकर 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखें। यह आंखों की मांसपेशियों को आराम देता है। आमतौर पर स्क्रीन देखते समय लोग कम पलक झपकाते हैं, जिससे आंखें सूखती हैं। सचेत रूप से बार-बार पलक झपकाएं। स्क्रीन की ब्राइटनेस को कम करें और नीली रोशनी को कम करने वाले फिल्टर या चश्मे का उपयोग करें। स्क्रीन को आंखों से 20-24 इंच की दूरी पर और आंखों के लेवल से सिर्फ 10-15 डिग्री नीचे रखें।



## बढ़ती उम्र के भी दिखना चाहते हैं जवां तो आज से ही डाइट में कर लें बदलाव

अक्सर ऐसा होता है कि बहुत कम उम्र में ही कुछ लोगों के त्वचा पर झुर्रियां पड़ जाती हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन उन्हीं में एक प्रमुख कारण है खान-पान और जिवनशैली। जी हां, अगर आपका खानपान अच्छा है तो आप 55 की उम्र में भी जवां दिख सकते हैं। आइए इस लेख में जानते हैं कि इसके लिए डाइट में किन चीजों को शामिल करना चाहिए।

बढ़ती उम्र के साथ शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रखना, त्वचा की प्राकृतिक चमक बरकरार रखना और समग्र स्वास्थ्य को उत्तम रखना एक बड़ी चुनौती बन सकती है। अक्सर लोग सोचते हैं कि 50 के बाद ढलती उम्र के संकेत स्वाभाविक हैं, जो सच भी है, लेकिन अगर सही खानपान और एक संतुलित जीवनशैली अपनाकर जिया जाए तो आप 55 की उम्र में भी जवां और ऊर्जावान दिख सकते हैं। यह सिर्फ बाहरी सुंदरता की बात नहीं है, बल्कि अंदरूनी स्वास्थ्य को भी बनाए रखने की है।

कुछ ऐसे विशेष खाद्य पदार्थ हैं, जो प्रकृति का वरदान हैं। ये न सिर्फ हमारे शरीर को पोषण देते हैं, बल्कि हमें स्वस्थ्य और हेल्दी भी रखते हैं। ये खाद्य पदार्थ एंटीऑक्सिडेंट्स, विटामिन्स और जरूरी खनिजों से भरपूर होते हैं, जो हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। आइए इस लेख में हम ऐसे ही चार खाद्य पदार्थों के



बारे में जानते हैं, जिन्हें आज से ही अपनी डाइट में शामिल करके आप लंबे समय तक जवां और स्वस्थ रह सकते हैं।

### बादाम और नट्स

बादाम, अखरोट, और काजू जैसे नट्स विटामिन ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड, और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं। ये त्वचा को नमी प्रदान करते हैं, झुर्रियों को कम करते हैं, और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। रोजाना सीमित मात्रा में बादाम और नट्स खाने से त्वचा में चमक आती है और मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

पालक, केल, और मेथी जैसी हरी सब्जियां एंटीऑक्सिडेंट्स, विटामिन A, C, और K का खजाना हैं। ये उम्र बढ़ने के लक्षणों जैसे झुर्रियां और काले धब्बों को कम करती हैं। पालक में मौजूद ल्यूटिन आंखों की रोशनी को बनाए रखता है, जबकि कैल्शियम हड्डियों को मजबूत करता है। इन्हें सलाद, सूप, या जूस के रूप में डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### बेरीज

स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, और रास्पबेरी जैसे बेरीज एंटीऑक्सिडेंट्स और विटामिन C से भरपूर होते हैं, जो त्वचा को जवां रखने में मदद करते हैं। ये कोलेजन उत्पादन को बढ़ाते हैं, जिससे त्वचा लचीली और चमकदार रहती है। बेरीज में मौजूद फ्लेवोनॉइड्स मस्तिष्क स्वास्थ्य को हेल्दी रखने में मदद करते हैं।



## शनि-शुक्र बनाने जा रहे शक्तिशाली राजयोग इन राशियों को धन के साथ और भी कई लाभ

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शनि एक बेहद धीमी गति से चलने वाला ग्रह है। यह एक राशि में लगभग ढाई साल तक ठहरता है, और पूरे राशि चक्र में एक चक्कर लगाने में करीब 30 साल का समय लेता है। वर्तमान में शनि मीन राशि में स्थित है और यहां वह अन्य ग्रहों के साथ युति या विशेष दृष्टि बनाते हुए विभिन्न प्रभाव डाल रहे हैं।



### गुरु से बना शक्तिशाली योग, इन राशियों की पलट सकती है किस्मत

22 जून 2025 को सुबह 11 बजकर 43 मिनट पर शुक्र और शनि के बीच 45 डिग्री का कोण बना, जिसे अर्धकेंद्र योग कहा जाता है। इस विशेष योग का प्रभाव कुछ राशियों के लिए बहुत शुभ रहने वाला है ,खासकर आर्थिक रूप से। शुक्र जहां भो, सौंदर्य और विलासिता का कारक है, वहीं शनि कर्म, अनुशासन और फल का प्रतीक है। जब ये दोनों मिलकर अर्धकेंद्र योग बनाते हैं, तो धन लाभ और स्थायित्व के योग प्रबल हो जाते हैं। इस योग के कारण कुछ भाग्यशाली राशियों को अचानक लाभ, निवेश से फायदा और रुका हुआ धन मिलने जैसे शुभ परिणाम मिल सकते हैं। आइए विस्तार से जानते हैं कौन सी हैं वो राशियां जिन्हें इस राजयोग से धन लाभ मिलने की संभावना है।

### अर्धकेंद्र राजयोग का निर्माण कैसे होता है?

अर्धकेंद्र राजयोग तब बनता है जब दो ग्रह आपस में 45 डिग्री के कोण पर होते हैं। यह योग सौभाग्य और सफलता का संकेत देता है। खासकर जब शनि और शुक्र के बीच यह योग बनता है, तो धन, करियर और संबंधों में सकारात्मक बदलाव आते हैं। ऐसे योग से जातकों को आर्थिक लाभ, स्थिरता और नए अवसर प्राप्त होते हैं।

मेष राशि के जातकों के लिए यह शनि-शुक्र अर्धकेंद्र योग बहुत शुभ साबित होगा। आपकी बारहवीं और पहली भाव में शनि और शुक्र की स्थिति आपको कई मुश्किलों से निकाल सकती है। कामकाज में आप अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे और इस वजह से आपको सफलता मिलने के मजबूत संकेत हैं। दोस्तों के साथ आपका समय सुखद बीतेगा और नए प्रभावशाली लोगों से भी संपर्क बढ़ेगा, जिससे करियर में लाभ होगा। यात्रा के मौके भी मिल सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेंगे। उच्च अधिकारियों से अपनी बात मनवाने में भी सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और जीवन में चल रहे तनाव में कमी आएगी। परिवार के साथ मिलकर समय बिताने का अवसर मिलेगा और व्यवसाय या नौकरी में अपने लक्ष्यों को पाने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

## बगैर सांचा इन आसान ट्रिक्स से बनाएं नरम और स्पंजी इडली

हर किसी के पास इडली और ढोकला बनाने का सांचा हो ये जरूरी नहीं है। ऐसे में आपको कुछ ऐसी ट्रिक्स जरूर जाननी चाहिए, जिन्हें ट्राई करके आप सांचे के भी इसे तैयार कर सकते हैं। हालांकि ये स्टीमर काफी सस्ता आता है, लेकिन फिर भी कई घरों में ये नहीं होता। ऐसे में अगर आप भी घर पर ढोकला या फिर इडली बनाना चाहते हैं तो कुछ ट्रिक्स को आजमाकर देख लें। इन ट्रिक्स से ढोकला या इडली बनाएंगे तो एकदम बाजार के जैसा ही बनेगा।



### स्टील की कटोरी इस्तेमाल करें

यदि आपके पास ढोकला या फिर इडली बनाने का सांचा नहीं है तो छोटी स्टील की कटोरियों का इस्तेमाल करें। इसके लिए कटोरी को लेकर उसमें पहले तो चारों तरफ तेल लगाएं, और फिर बैटर से आधा भर दें। अब इससे आप इडली या ढोकला बना सकते हैं।

### गहरी थाली का इस्तेमाल कर सकते हैं

अगर आपके पास गहरी थाली है तो उसमें आप ढोकला और इडली तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको एक ऐसी थाली लेली है जो पतीले या भगोने में फिट हो जाए। इसकमें ढोकला तैयार करने के लिए पहले पतीले में उल्टी कटोरियों को रख कर उसमें उतना पानी भरें कि कटोरी पूरी न भीगे। इसके बाद थाली में तेल लगाकर उसमें बैटर डालें और फिर कटोरियों पर रख दें।

### गिलास भी आएगा काम

गिलास तो हर घर में होता ही है तो इसका इस्तेमाल करके भी आप स्पंजी ढोकला और इडली तैयार कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले भगोने में पानी भरें और फिर गिलास में आधा बैटर भरकर उसे भगोने में रख दें। इस दौरान भगोने में तेल अवश्य ही लगाएं।

**कार्नर न्यूज**

## आपकी आदतें कर देती है बहुत से रिश्तों को बर्बाद

# हर बात मनवाना आपकी आदत है तो अनजाने में बन सकते हैं डोमिनेटिंग पर्सनालिटी का हिस्सा

कुछ आसान से टिप्स से आप खुद में डोमिनेट करने की आदत है या नहीं, इसकी पहचान कर सकते हैं और समय रहते सुधार सकते हैंक्या आपको हर बार अपनी बात मनवाने की आदत है? क्या बहस में आप सामने वाले की बात सुने बिना ही फैसला सुना देते हैं? अगर ऐसा है तो हो सकता है कि आप अनजाने में डोमिनेटिंग पर्सनैलिटी का हिस्सा बन चुके हों और ये रिश्तों में धीरे-धीरे दूरी ला सकता है। हर परिस्थिति में नेतृत्व लेना जरूरी हो सकता है लेकिन जब ये इगो और कंट्रोल में बदल जाए तब यह रिश्तों और आपकी खुद की पर्सनैलिटी को नुकसान पहुंचाता है। रिलेशनशिप में कंट्रोल नहीं, कनेक्शन जरूरी है। इसलिए अपने व्यक्तित्व को पहचानें। यहां कुछ आसान से टिप्स दिए गए हैं जिससे आप खुद में डोमिनेट करने की आदत है या नहीं, इसकी पहचान कर सकते हैं और समय रहते सुधार सकते हैं।

### बीच में बात काटना

अगर आप बातचीत के बीच में बार-बार किसी की बात काटते हैं या हमेशा अपनी राय पहले रख देते हैं तो यह डोमिनेटिंग बिहेवियर है। इस तरह का बर्ताव दूसरे को पसंद नहीं आता है और वह आपसे बातचीत करने से बचते हैं। ऐसी



स्थिति में दूसरों की बात पूरी होने दें और फिर उत्तर दें।

### हर फैसला आप ही लेते हैं?

दोस्ती, रिश्ते या दफ्तर में आप ही हर बार ₹क्या करना है₹ तय करते हैं तो यह संकेत है कि आप सामने वाले की सोच को जगह नहीं दे रहे। दूसरों के लिए भी सारे आप ही लेते हैं तो इस आदत को आज ही सुधार लें। जिस बात में दूसरे भी शामिल हों, वहां फैसला लेने से पहले बाकियों से सुझाव जरूर पूछें।

### बहस में हारना गवारा नहीं?

किसी वार्ता के दौरान आप हमेशा बहस की स्थिति में जीतने की कोशिश करते हैं या वाद-विवाद में जीतने के बाद घुमा-फिराकर अपनी ही बात को आगे रखते हैं तो यह भी डोमिनेशन का संकेत है। ध्यान रखें कि तर्क में जीत नहीं, समझदारी जरूरी है। हर बार बहस जीतने की कोशिश न करें, दूसरों की बात को समझें भी।



### आप चाहते हैं सब आपकी तरह सोचें?

जो लोग दूसरों को बदलने की कोशिश करते हैं या चाहते हैं कि उनकी राय को ही अंतिम माना जाए वो डोमिनेटिंग होते हैं। दूसरों को अपने मन के मुताबिक बदलने की बजाए उनके विचार, जीवनशैली और व्यवहार को अपनाएं। अगर इससे आपके बीच मतभेद होता है तो भी इसे स्वीकार करें, ना कि उन्हें बदलने के प्रयास में उनका व्यक्तित्व खत्म कर दें।

### आप दूसरों के इमोशंस को नजरअंदाज करते हैं?

कभी आपने सोचा कि आपकी बातें सामने वाले को हर्ट कर सकती हैं? अगर नहीं, तो यही सबसे बड़ा अलार्म है। आपका व्यवहार, बातें या आदतें अगर किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाएं और इस बात को आप अनदेखा कर देते हैं तो ये आपके डोमिनेटिंग बर्ताव का संकेत है। दूसरों को सुनना, उनकी भावनाओं की कद्र करना सीखें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'लाइटनिन स्ट्राइक्स' से मशहूर हुए सिंगर लू क्रिस्टी नहीं रहे

बुधवार को हॉलीवुड के मशहूर पॉप सिंगर लू क्रिस्टी का निधन हो गया। 60 के दशक में वह अमेरिकी पॉप कल्चर में एक जाना-माना नाम थे। हाल ही में मशहूर पॉप सिंगर लू क्रिस्टी के निधन की जानकारी परिवार द्वारा साझा की है। वैराइटी की खबर के अनुसार उनकी मृत्यु का कारण अभी साझा नहीं किया गया है।



अपने सिंगिंग करियर में लू क्रिस्टी ने कई गीत गाने गाए, उनका सबसे चर्चित गाना 'लाइटनिन स्ट्राइक्स(1965)' माना जाता है। यह गाना अपने समय में म्यूजिक चार्ज में टॉप पर रहा था। लू क्रिस्टी का असल नाम अल्फ्रेडो जियोवानी सैको था।

लू क्रिस्टी का जन्म 19 फरवरी 1943 को ग्लेनविलार्ड पेनसिल्वेनिया में हुआ था। वह पिट्सबर्ग में पले और बढ़े थे। हाई स्कूल में पढ़ते वक्त ही उन्होंने म्यूजिक की ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी। वह म्यूजिक इवेंट्स में गाना भी गाने लगे। लू क्रिस्टी के टीचर चाहते थे वह क्लासिकल म्यूजिक में करियर बनाए लेकिन क्रिस्टी की चाहत ऐसा म्यूजिक बनाने की थी तो रिकॉर्ड बनाए, लोगों के दिलों में हमेशा के लिए बस जाए। आगे चलकर ऐसा ही हुआ, लू क्रिस्टी के गाने कई गाने अमेरिकी म्यूजिक चार्ट पर टॉप पर रहे। लू क्रिस्टी ने 1969 में 'आई एम गोना मेक यू माइन' गाना गाया, जो उस समय के टॉप टेन गानों में शामिल हुआ। इसके अलावा 'बियॉन्ड द ब्लू होराइजन' भी चार्ट में टॉप 20 में शामिल हुआ था। लू क्रिस्टी ने साल 2010 तक सॉन्ग रिकॉर्डिंग को जारी रखा। लू क्रिस्टी के परिवार में उनकी पत्नी फ्रांसेस्का विनफील्ड और उनकी बेटी बियांका क्रिस्टी हैं।

### टॉलीवुड

## रश्मिका ने धनुष के नाम साझा की पोस्ट, लिखा- भले ही आपके साथ पूरी फिल्म की हो लेकिन..


हाल ही में धनुष और रश्मिका मंदाना ने एक साउथ इंडियन फिल्म 'कुबेर' की है। फिल्म में दोनों के किरदार काफी संजीदा है। क्या सेट पर भी धनुष और रश्मिका का बिहेवियर एक-दूसरे के लिए ऐसा ही था। इस बात को लेकर रश्मिका मंदाना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट धनुष के नाम पर लिखी है। रश्मिका मंदाना फिल्मों में जितना एक्टिव रहती हैं, उतना ही सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में फिल्म 'कुबेर' के अपने को-एक्टर धनुष को लेकर रश्मिका मंदाना ने एक पोस्ट साझा की है। जिसमें उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस का जिक्र किया। रश्मिका मंदाना ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में धनुष के साथ एक फोटो शेयर की और एक लंबा सा कैप्शन भी लिखा है। वह लिखती हैं, 'भले ही मैंने आपके साथ पूरी फिल्म (कुबेर) की हो लेकिन मेरे पास आपकी यही एक फोटो है। यह पोस्ट में आपकी तारीफ में कर रही हूं। आप एक बेहतरीन इंसान हैं। हर दिन बहुत मेहनत करते हैं। आप जो कुछ भी करते हैं, वह बेहतरीन है।' रश्मिका मंदाना आगे लिखती हैं, 'आप सिर्फ मेरे साथ ही नहीं बल्कि हर शख्स के लिए बहुत काइंड रहे हैं। आप हर किसी से बहुत प्यार से बात करते हैं। मैं हमेशा याद रखूंगी कि आपने मुझे सेट पर कितने लड्डू खिलाए। मेरी किस तरह से तमिल डायलॉग बोलने में मदद की। जब आपको मेरा कोई सीन करने का तरीका पसंद आता था और आप कहते थे, 'यह बढ़िया था।' ये आपके लिए छोटी-छोटी बातें हो सकती हैं लेकिन ये वाकई बहुत बड़ी बातें हैं, जो हमेशा मेरे साथ रहेंगी। आपको फ्यूचर के लिए बहुत सारी बेस्ट विशेज।' फिल्म 'कुबेर' में रश्मिका और धनुष के अभिनय की इन दिनों तारीफ हो रही है। बॉक्स ऑफिस पर सोमवार को यह फिल्म 6.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर चुकी है। इसकी कुल कमाई भी 55.10 करोड़ रुपये हुई। इस तरह यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कमाई कर रही है। रश्मिका मंदाना के करियर फ्रंट की बात करें तो आगे वह हिंदी फिल्म 'थामा' के अलावा एक साउथ फिल्म में भी नजर आएंगी। 'थामा' में आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं। साउथ फिल्म 'गर्लफ्रेंड' में रश्मिका, विजय देवरकोंडा के अपोजिट दिखेंगी।



### छॉलीवुड

## 'पप्पू के शादी म भारी टेंशन' का हुआ मुहूर्त, जल्द शुरू होगी शूटिंग

छत्तीसगढ़ी फिल्म 'पप्पू के शादी म भारी टेंशन' का मुहूर्त 24 जून को दुर्ग में सांसद विजय बघेल के हाथों हुआ। फिल्म के निर्माता-निर्देशक धज्जू आर्य ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। आयोजन के दिन सांसद विजय बघेल की शादी की सालगिरह भी थी। ऐसे में सांसद बघेल ने सभी के साथ दोहरी खुशियां मनाई। इस फिल्म में मुख्य कलाकार राज रावते, झरनेश, महिमा मोहन चौहान, विनायक अग्रवाल, उर्वशी साहू, पप्पू चंद्राकर, नकुल महलवार, रोशनी निर्वाण, शमशीर सीवानी. बलि किशोर जाटव, विकास यादव और निलेश सहित अन्य हैं। निर्माता-निर्देशक धज्जू आर्य ने बताया कि फिल्म में और भी कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म हंसी मजाक से भरपूर पारिवारिक फिल्म हैं जिसकी शूटिंग बहुत जल्द शुरू होगी।



लाइफ स्टाइल



पिया मन भाए दुल्हन

न्यूयॉर्क शहर में न्यूयॉर्क ब्राइडल फ़ैशन वीक होने वाला एक अर्ध-वार्षिक इवेंट है।यहां ब्राइडल डिज़ाइनर अपने नए कलेक्शन प्रदर्शित करते हैं। यह आम तौर पर अप्रैल और अक्टूबर में होता है, जिसमें अप्रैल का कार्यक्रम वसंत संग्रहों पर केंद्रित होता है और अक्टूबर का कार्यक्रम पतझड़ संग्रहों पर। लेकिन इनकी तैयारियां साल भर चलती रहती है।

## आउटफिट के साथ कैरी करें ट्रेंडी हैंडबैग, ऐसे करें डिजाइन पसंद

जब भी आउटफिट के साथ हम अपने फोन या अन्य सामान को लेकर जाते हैं, तो अक्सर अलग-अलग डिजाइन वाले हैंडबैग को कैरी करते हैं। लेकिन हर एक बैग हमारी आउटफिट के साथ अच्छा नहीं लगता है। ऐसे में हम उसे चेंज करने के बारे में सोचते हैं। इस बार आप आर्टिकल में बताए गए डिजाइन के हिसाब से अपने हैंडबैग को चूज करें। इससे आपको आउटफिट के साथ हैंडबैग कैरी करने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

### हैंडबैग को आउटफिट के साथ कैसे करें मैच

आप अपने हैंडबैग को आउटफिट के साथ मैच कर सकते हैं। इसके लिए बस आपको हैंडबैग के डिजाइन का खास ध्यान रखना होगा। साथ ही, आपको इसके पैटर्न को अपने सामान के हिसाब से चूज करना होगा। इससे आपको बैग कैरी करने में कोई दिक्कत नहीं होगी।



### ब्लैक ऐड ब्राउन शेड वाला हैंडबैग

आप अगर चाहती हैं कि हैंडबैग हर आउटफिट के साथ मैच करे, तो ऐसे में आप ब्लैक और ब्राउन कलर के कॉम्बिनेशन को चूज कर सकती हैं। इस तरह के कलर कॉन्ट्रास्ट वाले बैग काफी अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसे आप किसी भी कलर के आउटफिट के साथ आसानी से कैरी भी कर सकती हैं। इसमें आपको प्लेन से लेकर प्रिंटेड हर तरह के हैंडबैग का ऑप्शन मिल जाता है, जो स्टाइल करने के बाद अच्छा लगता है।

### चेक डिजाइन वाले हैंडबैग

अगर आपको ज्योमैट्रिकल पैटर्न वाली चीजें ज्यादा पसंद है, तो फोटो में नजर आने वाला हैंडबैग आप पसंद कर सकते हैं। इस तरह के हैंडबैग भी कैरी करने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको डबल शेड कलर मिलता है। साथ में लगने वाली गोल्डन चेन। इससे यह बैग और भी ज्यादा अट्रैक्टिव नजर आता है। साथ ही, इसे कैरी करने के बाद लुक भी क्लासी लगता है। मार्केट में इस तरह के बैग आपको आसानी से मिल भी जाते हैं।

### टेस्ल डिटेल वाला हैंडबैग

कई सारे लोग होते हैं, जिन्हें लैदर या कपड़े से बना बैग पसंद नहीं आता है। आप इस फोटो में नजर आने वाले बैग को कैरी कर सकते हैं। इस तरह के बैग में टेस्ल से डिटेलिंग वाला काम किया गया है।

## इन दिनों ट्रेंड में हैं रफल साड़ी, हर तरह के फंक्शन के लिए बेस्ट



फैशन की दुनिया में रोजाना नए-नए बदलाव होते रहते हैं। ऐसे में अधिकतर महिलाएं चाहती है कि वह भीड़ से हटकर और कुछ डिफरेंट लुक क्रिएट करें। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक है, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी लेटेस्ट रफल साड़ी डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप डिफरेंट और गॉर्जियस लुक क्रिएट कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी इन दिनों बहुत चर्चा में है।



### रफल साड़ी के डिजाइन

अगर आप भी एक जैसी साड़ी पहनकर बोर हो गई है और कुछ यूनिक ट्राई करना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह की खूबसूरतसफ़ेद ऑर्गेना रफ़ल साड़ी ट्राई कर सकती है। ऐसी साड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह देखने को मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ आप एक्सेसरीज और मेकअप कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।



### ऑर्गेंज़ा रफल्स साड़ी

अगर आप हर फंक्शन में पहनने के लिए कोई खूबसूरत साड़ी देख रही है, तो ऐसीऑर्गेंज़ा रफल्स साड़ी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इस तरह की साड़ी अधिकतर महिलाएं पहनना पसंद कर रही है। इस साड़ी को आप नजदीकी बाजार से खरीद सकती है या ऑनलाइन भी घर बैठे मंगा सकती हैं। इस साड़ी के साथ आप कंट्रास्ट ब्लाउज भी शामिल कर सकती है।

### हल्के हरे रंग की प्रिंटेड रफल साड़ी

अपने लुक को चेंज करने के लिए और भीड़ से अलग दिखने के लिए आप एक जैसी साड़ी पहनने के बजाय इस खूबसूरत हल्के हरे रंग की प्रिंटेड रफ़ल साड़ी को भी ट्राई कर सकती है। इस तरह की साड़ी भी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी।

## घुंघरू पायल डिजाइन आपके पैरों की खूबसूरती में लगा देंगे चार चांद

महिलाएं अपनी खूबसूरती को कायम रखने के लिए कई प्रयास करती है। इनमें से कुछ महिलाएं आउटफिट से लेकर एक्सेसरीज तक हर एक चीज परफेक्ट मैच कर पहनना पसंद करती है। अगर आप भी अपने लुक को डिफरेंट और एलिगेंट टच देना चाहती है, तो कुछ ऐसे घुंघरू डिजाइन पायल आपको देखने चाहिए जो आपके पैरों की खूबसूरती को और बढ़ा देंगे।

### घुंघरू पायल डिजाइन

अगर आप अपने पैरों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं और इन्हें डिफरेंट लुक देना चाहती हैं, तो आप इस तरह के सिल्वर घुंघरू पायल डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ऐसे पायल आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह देखने को मिल सकते हैं। इस तरह की पायल को आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ पहन सकती हैं।

### ऑक्सीडाइज्ड घुंघरू पायल

आप चाहे तो इस खूबसूरत घुंघरू पायल डिजाइन को भी पहनकर अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। इस तरह के पायल भी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएंगे। यह पायल आपके पैरों को स्टाइलिश और मॉडर्न टच देने के साथ-साथ आपके लुक को भी एलिगेंट टच देने में बेहद मदद करेंगी। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत लग सकती हैं।



### घुंघरू एंकलेट डिजाइन

एक जैसे पायल डिजाइन पहनकर अगर आप भी बोर होने लगी है, तो अब अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप इस तरह के घुंघरू पायल डिजाइन भी ट्राई कर सकती हैं। ऐसे पायल आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाएंगे और आपको डिफरेंट लुक देने में मदद करेंगे। आप ऐसे पायल डिजाइन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती है।

## ऑयली स्किन पर लगाएं ये खास फेस पैक, मिलेंगे गजब के फायदे

जब भी स्किन ज्यादा ऑयली होती है, तो इसकी वजह से चेहरे पर दाने या अन्य समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप हफ्ते में 1 बार फेस पैक का इस्तेमाल जरूर करें, ताकि स्किन हेल्दी रहे।

### फेस पैक लगाने के क्या होते हैं फायदे

फेस पैक को लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्सट्रा गंदगी साफ हो जाती है। साथ ही, चेहरे का रंग भी निखरता है। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 1 बार करें। इसके बाद आपको पार्लर जानें कि या महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपकी त्वचा में नेचुरली निखार नजर आएगा। बस आपको ऑयली त्वचा के हिसाब से फेस पैक की सामग्री को चूज करना होगा।

### चंदन और दही का फेस पैक

चेहरे पर आप चंदन और दही के फेस पैक को लगा सकती हैं। इस तरह के फेस पैक को लगाने से आपकी त्वचा साफ हो जाएगी। साथ ही, आपके चेहरे पर अलग निखार नजर आएगा। इसके लिए आपको इसे आसान तरीके से बनाने की जरूरत है।



### चंदन और दही का फेस पैक कैसे बनाएं

इसके लिए आपको पहले एक कटोरी में 2 चम्मच चंदन पाउडर लेना है। अब इसमें 2 चम्मच दही को मिक्स करना है। हल्की सी हल्दी को मिक्स करें और पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं। फिर इसे कुछ देर के लिए सूखने दें।

कार्नर न्यूज

आपकी पर्सनालिटी का आईना होती है शानदार हेयर स्टाइल

## सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिंग रूल्स अपनाकर देखिए, लोग फिदा होंगे आपके बालों पर

क्या कभी आपने सोचा है कि कुछ लोगों के बाल इतने शानदार क्यों दिखाई देते हैं? जबकि कुछ लोगों के बाल कभी भी उनके कंट्रोल में नहीं रहते हैं। इसके अलावा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि, वो अपने बालों को मैनेजबल रखने की कितनी कोशिश करते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि, कुछ पुरुष अपनी हेयर स्टाइल और बालों के लिए कुछ नियमों का पालन करते हैं। मानो या न मानो, जब हम अपने बालों की बात करते हैं, तो हम पुरुष बहुत ही नखरे करते हैं। हम में से अधिकांश लोगों पर, नियम का पालन न करने की वजह से ही प्रोडक्ट और रूटीन कोई असर नहीं करते हैं। जब तक आप कुछ बुनियादी नियमों का पालन नहीं करेंगे तब तक कुछ भी आपकी मदद नहीं कर सकता है। इसलिए, हम आपको सेलिब्रिटीज के द्वारा फॉलो किए जाने वाले हेयर स्टाइलिंग रूल्स के बारे में जानकारी देंगे। ये रूल किसी भी हेल्दी बालों वाले पुरुष के द्वारा फॉलो किए जाने चाहिए, फिर चाहे वो मॉडल, एक्टर या कोई कॉमन मैन ही क्यों न हो।



### बालों को चिपचिपा और ऑयली न रखें

हालांकि, नियमित रूप से आपके बालों में तेल लगाना अच्छा होता है, लंबे समय तक उस तेल को लगाकर छोड़ देना बिल्कुल भी अच्छा विकल्प नहीं है। ये बात एकदम सच है कि, स्कैल्प का बहुत ज्यादा ऑयली या चिपचिपा होना बालों की सेहत के लिए एकदम ठीक नहीं है। ऑयली स्कैल्प से कमजोर बाल निकलते हैं। इसके अलावा, उनकी ग्रोथ ठीक न होने से वो आसानी से डैमेज झेलकर टूट भी सकते हैं। यदि आप इन बातों का ध्यान नहीं रखते हैं, तो चाहे आप कितने भी बढ़िया कंडीशनर का इस्तेमाल करें या आपका शैम्पू कितना भी महंगा क्यों न हो, आपके बालों के लिए कुछ भी काम नहीं करेगा। अपने बालों को स्टाइल करना और एक सभ्य दिखने वाली स्टाइल में ट्रांसफॉर्म कर पाना भी लगभग असंभव हो जाता है।

### बालों को सूट करने वाले अच्छे प्रोडक्ट खरीदें

हेयर स्टाइल और हेयर केयर प्रोडक्ट्स की बात करते हुए, सुनिश्चित करें कि आप कमजोर क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का उपयोग नहीं कर रहे हैं। यह जरूरी है कि आप सही प्रोडक्ट को खरीदने से पहले थोड़ी सी रिसर्च जरूर करें।



कुछ समय और पैसा लगाने के बाद वही प्रोडक्ट खरीदें जो आपके लिए सबसे अच्छा काम करता है। ये बिल्कुल भी जरूरी नहीं है कि, बालों के लिए अच्छे प्रोडक्ट बहुत महंगी कीमत पर ही मिलते हैं। मार्केट में बजट प्रोडक्ट्स भी मौजूद हैं। लेकिन ध्यान उनकी क्वालिटी पर ही फोकस रखें। अगर आप बहुत अधिक कंफ्यूज हैं, तो त्वचा रोग विशेषज्ञ से परामर्श कर सकते हैं। वो आपको बालों और स्किन के हिसाब से सही प्रोडक्ट चुनने में मदद कर सकते हैं।

### बालों के टेक्स्चर और घनत्व का ध्यान रखें

आपके पास जैसे भी बाल हैं, उन्हें पूरे मन से स्वीकार करें। यदि इसमें स्वाभाविक रूप से मोटी बनावट है, तो इसे बदलने की कोशिश न करें। यदि आपके बालों का स्वाभाविक रूप से पतला घनत्व है, तो कोई भी प्रोडक्ट या रूटीन आपकी मदद नहीं कर सकता है।